दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




पुरानी दोस्ती की यादें ताजा करता अपारशक्ति का नया गाना 'कहां'



जानवरों की भलाई के लिए करती हैं काम

वर्ष : 12 | अंक : 221 | लखनऊ, 04 अगस्त, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## बिहार में पैसेंजर ट्रेन के इंजन में लगी भीषण आग



पटना। सहरसा-मानसी रेलखंड के सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर समस्तीपुर-सहरसा पैसेंजर ट्रेन के इंजन बोगी में आग लग गई। घटना प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर खड़ी ट्रेन नंबर 63344 में हुई. आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया कि आग कैसे और क्यों लगी। हालांकि, घटना में किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया।

## मंदिर से 25 लाख के चांदी के छत्र और मुकुट चोरी



लखनऊ। राजधानी के न्यू हैदराबाद कॉलोनी में स्थित पंचमुखी मंदिर में रविवार देर रात 25 लाख के चांदी के छत्र और मुकुटी चोरी हो गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। सरंक्षक प्रदीप कुमार शर्मा की तहरीर पर महानगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

### मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले सीएम योगी ने की पत्रकारों से चर्चा

# एक-डेढ़ सप्ताह में लागू होगा आउटसोर्स कमीशन, न्यूनतम मानदेय होगा सुनिश्चित

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने गरीब, युवा, महिला व किसान के मुद्दे पर विपक्ष को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि ये सभी डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता में हैं...*

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान विधानसभा के सदस्य आलम बदी के निधन पर मानसून सत्र के पहले दिन शोक जताया। सीएम ने 21 पूर्व सदस्यों को भी अपनी भावभानी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर भी आलम बदी जी की राजनीतिक सक्रियता हर जनप्रतिनिधि को प्रेरित करती थी। उनका निर्वाचित होना यह दर्शाता है कि जनप्रतिनिधि के रूप में यदि हम जनता व क्षेत्र के प्रति समर्पित रहें तो आयु मायने नहीं रखती। इसके बाद मानसून सत्र मंगलवार सुबह तक के लिए स्थगित हो गया है। योगी ने कहा कि यह महीना हमारे लिए बहुत अहम है। यह महीना खेती और किसानों के नजरिए से, स्कूलों और कॉलेजों में दाखिले के लिए छात्रों और युवाओं के लिए और सावन के पवित्र महीने में धार्मिक यात्रा करने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

**यूपी विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह तक के लिए स्थगित**



### खाद की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश

सीएम ने किसानों के मुद्दे पर सपा को घेरा और अपनी सरकार में गन्ना किसानों के लाभों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि 2007 से 2017 के बीच 29 चीनी मिलें बंद हुईं, 21 चीनी मिलें औने-पौने दाम पर बेच दी गईं, लेकिन हमारी सरकार में 3.23 लाख करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान हुआ है। 122 में से 105 से अधिक चीनी मिलें चौथे-पांचवें दिन ही किसानो के खाते में गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। समाजवादी पार्टी के समय में 10 वर्ष का गन्ना मूल्य बकाया था। ये लोग किसानों के हितों का संरक्षण करने के बजाय उन्हें आत्महत्या और पलायन के लिए मजबूर करते थे। उस समय किसानों के ट्यूबवेल तक सुरक्षित नहीं थे। सरकार आज 16 लाख ट्यूबवेल को निशुल्क बिजली उपलब्ध करा रही है।

### अनुपूरक बजट का सहारा लिया जाएगा

सीएम ने बड़ी घोषणा की कि सरकार एक-डेढ़ सप्ताह में आउटसोर्स कमीशन को लागू करने के साथ ही न्यूनतम मानदेय सुनिश्चित करने जा रही है। आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं, रसोइयों व ग्राम चौकीदारों को भी उचित मानदेय प्राप्त हो और उनकी सेवाएं प्रदेश के हित को संवर्धित करने के लिए कार्य करें, इसके लिए अनुपूरक बजट का सहारा लिया गया है।

### सदन में स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा करें जनप्रतिनिधि

सीएम ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा बनाए रखने के लिए कार्य करें।

## त्वरित टिप्पणी

### जीत-हार लोकतंत्र का स्वाभाविक सत्य, आत्ममंथन ही विजय का मार्ग

बिहार की बांकी विधानसभा सीट, मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट तथा गुजरात विधानसभा के उपचुनावों के परिणाम एक बार फिर यह संदेश देते हैं कि लोकतंत्र में कोई भी राजनीतिक दल जनादेश से ऊपर नहीं होता। जनता समय-समय पर अपने मत के माध्यम से सरकारों और दलों को संदेश देती है। यही भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है।

भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति होने के बावजूद जिन स्थानों पर अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर सकी, वहाँ इन परिणामों को केवल पराजय के रूप में नहीं, बल्कि जनता के संकेत के रूप में देखने की आवश्यकता है। चुनावी सफलता केवल संगठन की मजबूती से नहीं, बल्कि स्थानीय परिस्थितियों, जनभावनाओं, प्रत्याशी चयन, कार्यकताओं की सक्रियता तथा जनसंपर्क की प्रभावशीलता पर भी निर्भर करती है।



— राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक, अमन लेखनी

जहाँ विजय मिली है, वहाँ विनम्रता आवश्यक है; और जहाँ पराजय हुई है, वहाँ आत्ममंथन। यही किसी भी जीवंत राजनीतिक दल की पहचान होती है। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व में भी अनेक अवसरों पर चुनौतियों से सीख लेकर स्वयं को और अधिक सशक्त बनाया है। लोकतंत्र में जनता अंतिम निर्णायक होती है और उसका प्रत्येक निर्णय सम्मान का विषय है।

चुनावी परिणाम किसी राजनीतिक यात्रा का अंत नहीं होते, बल्कि नई शुरूआत का अवसर प्रदान करते हैं। संगठन यदि कार्यकताओं के उत्साह, जनता के विश्वास और सकारात्मक संवाद को और अधिक मजबूत करेगा, तो भविष्य में बेहतर परिणाम प्राप्त करना कठिन नहीं होगा।

लोकतंत्र का सौंदर्य इसी में है कि जनादेश को विनम्रता से स्वीकार किया जाए, उपलब्धियों का अहंकार न हो और कमियों को दूर करने का संकल्प लिया जाए। यही स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है और यही किसी भी राजनीतिक दल की दीर्घकालिक सफलता का आधार बनती है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर 11वें दिन संसद में हंगामा कार्यवाही स्थगित

# लोकसभा में सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पास, राज्यसभा में एमएसएमई संशोधन बिल को अनुमति

लोकसभा में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से वैधानिक प्रस्ताव पर बोलने का आग्रह किया, लेकिन नारेबाजी जारी रहने के कारण बिल को वोटिंग के लिए रखा गया और फिर पास कर दिया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर मानसून सत्र के 11वें दिन लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित कर गई है। इसके पहले लोकसभा ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या (सीजेआई सहित) 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी बिल बिना चर्चा के पास कर दिया। लोकसभा में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से वैधानिक प्रस्ताव पर बोलने का आग्रह किया, लेकिन नारेबाजी जारी रहने के कारण बिल को वोटिंग के लिए रखा गया और फिर पास कर दिया गया। विपक्ष के सदस्यों ने अध्यादेश लाने के खिलाफ एक वैधानिक प्रस्ताव पेश किया था, जिसे वॉइस वोट से खारिज कर दिया गया।

राज्यसभा ने सोमवार को विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। सदन में विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बावजूद सरकार ने विधेयक को सदन से मंजूरी दिला दी। इसके बाद सदन की कार्रवाई मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। यह विधेयक एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े प्रावधानों में संशोधन का रास्ता साफ करेगा। सरकार का कहना है कि इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा मिलेगा, जबकि विपक्ष ने विधेयक और सदन की कार्यवाही को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं।

**विपक्ष का अध्यादेश लाने के खिलाफ प्रस्ताव खारिज**

लोकसभा में 2 और राज्यसभा में 1 विधेयक पेश हुआ



लोकसभा में हंगामा करते विपक्षी दल के सांसद

### अमित शाह के बयान की मांग

विपक्षी सांसदों ने प्रश्नकाल शुरू होते ही नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के सदन आने और उनके बयान की मांग करते हुए नारे लगाए।

### अभी तक 2 बिल पास

सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित होने से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंककार बही साक्ष्य विधेयक पेश किया। वहीं, राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भारतीय सांख्यिकी संस्थान विधेयक पेश किया। संसद के मौजूदा सत्र में 8 बिल सूचीबद्ध किए गए हैं। इनमें से वंदे मातरम और पब्लिक एग्जामिनेशन संशोधन बिल (पेपर लीक) दोनों सदनों में पास हो चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन बिल लोकसभा में और एमएसएमई विकास (संशोधन) बिल राज्यसभा में पास हुआ है। 4 और बिल को संसद की मंजूरी मिलनी बाकी है।

### मतदाताओं का अपमान कर रहे पीएमः खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर संसद की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेकर संसद तथा मतदाताओं का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष का विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक पीएम नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर संसद में बयान नहीं दे देते। या तो वह (मोदी) सामना करने से डरते हैं या फिर उन्हें संसद का कोई सम्मान नहीं है।



### दलबदल विरोधी कानून पर हो चर्चाः तिवारी



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया है। उन्होंने दलबदल विरोधी कानून पर चर्चा के लिए प्रश्नकाल, शून्यकाल और दिन के सभी सूचीबद्ध कामकाज को स्थगित करने की मांग की है।

### छात्रों से माफी मांगें: घोष



टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने कहा कि पीएम ने उन प्रदर्शनकारी बच्चों को माफ करने की बात कही, जिन्होंने कुछ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। असल में माफी पीएम और गृह मंत्री को मांगनी चाहिए।

### जीवन बीमा पॉलिसी छोड़ने वालों की संख्या बढ़ी

देश में जीवन बीमा पॉलिसी समय से पहले सरेंडर करने या बीच में छोड़ने का रुझान बढ़ा है। सरकार ने लोकसभा में बताया कि कुल बीमा लाभ भुगतान में सरेंडर और निकासी की हिस्सेदारी 2021-22 के 32 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में 39 प्रतिशत हो गई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अब सरेंडर और निकासी का हिस्सा मैच्योरिटी लाभ से भी अधिक हो गया है।

### स्पीकर से मिले पप्पू यादव सुरक्षा की मांग की

पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुए हमले की कोशिश के बाद लोकसभा स्पीकर से मुलाकात की है। उन्होंने स्पीकर को पूरी घटना की जानकारी देते हुए अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की। पप्पू यादव ने कहा कि उन्हें विदेशों से भी फोन करके मारने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्पीकर की अनुमति के बिना उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



### पैलेट गन चलाने का आदेश किसका?: रमेश



कांग्रेस ने पार्टी ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री जानबूझकर लोकसभा और राज्यसभा की कार्रवाई से दूर रह रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि छात्र आंदोलन के दौरान अपने मंत्रालय की कार्रवाई पर जवाबदेही से बचने के लिए उन्होंने यह रुख अपनाया है। पार्टी ने सवाल उठाया कि अगर सरकार इस तरह से संसद का अनादर करेगी, तो सदन का कामकाज कैसे चल पाएगा? कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की ओर से युवाओं पर की गई कार्रवाई को 14 दिन बीत चुके हैं।

## एनडीए की 'मंगल मिलन' बैठक आज



फाइल फोटो

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संसदीय दल की बैठक 'मंगल मिलन' मंगलवार आयोजित की जाएगी। इसको लेकर भाजपा संसदीय दल की ओर से एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक, 'मंगल-मिलन', 4 अगस्त (मंगलवार) को सुबह 9.30 बजे संसद भवन ग्रन्थालय के जी.एमसी. बालायोगी सभागृह में आयोजित की जाएगी। बता दें, 21 जुलाई को 'मंगल मिलन' के तहत पहली बैठक आयोजित की गई थी।

# भाजपा ने जनता के विश्वास को ठगा : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि भगवान को नचाने का अहंकार रखने वालों को भगवान ने ही नचा दिया। अपने को भगवान से ऊपर समझने वालों को भगवान ने चलती गाड़ी से नीचे उतार दिया है और साथ ही उनके घमंड का बुखार भी। उन्होंने कहा कि ये युवाओं की एकता और उनके अभिभावकों के आक्रोश का संयुक्त परिणाम है क्योंकि वोट चोरी, पेपर चोरी, चढ़ावा-चंदा-दान चोरी, नौकरी चोरी, आरक्षण चोरी, कमीशनखोरी, पीडीए पर अत्याचार,



घोर भ्रष्टाचार, महंगाई की मार, मिलावट के सरकारीकरण, माताओं-बेटियों तक का अपमान, देश के जेन जी पर हर तरह से प्रहार भाजपा ने इन सभी तरीकों से जनता के विश्वास और आस्था तक को ठगा है। अखिलेश यादव अब तो भाजपा वाले भी अपने ही किसी का इस्तीफा मांगेंगे क्योंकि जो अपनी ही विधानसभा हार गये उनके भरोसे नाव कैसे पार होगी। दरअसल ये हार उनकी है जिन्होंने उनको चुना था या कहे संगठन पर अपनी मर्जी की तरह थोपा था। अब तो कोई ये भी नहीं कह सकता है कि भाजपा में इस्तीफे नहीं होते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि सबसे ज्यादा खुश तो उप्र में वो हैं, जिनको पीडीए समाज का होने की वजह से राष्ट्रीय स्तर का पद न देकर राज्य स्तर का पद दिया गया था। आज तो वो भी मुस्कुराकर पूछ रहे हैं रू 5 बड़ा या 7। वैसे जनता ये भी कह रही है कि जब राष्ट्रीय अध्यक्ष विधानसभा नहीं जिता पाये तो राज्य-अध्यक्ष तो विधानसभा लड़वा भी नहीं पाएंगे। ये डबल इंजन की डबल हार है। उन्होंने कहा कि भाजपा की हार मतलब बदलाव की शुरूआत! भाजपा की सबसे सुरक्षित और परंपरागत सीटें भी अब उनकी हार नहीं बचा पाएंगी। अब भाजपा का संकट हार से बढ़कर इस बात का होगा कि उनका टिकट लेने वाला ड्रोन और दूरबीन से भी ढूंढे नहीं मिलेगा।

# संगठन के पेंच कसने में जुटा रालोद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रालोद के प्रदेश मुख्यालय पर सोमवार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा की उपस्थिति में प्रदेश के समस्त क्षेत्रीय अध्यक्षों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की रणनीति तय करना रहा। बैठक अत्यंत सकारात्मक एवं सफल रही। प्रदेश के सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाई तथा संगठन की वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना पर गंभीरता से चर्चा की। बैठक के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्षों से उनके-अपने क्षेत्रों के संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों की लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई, जिसके माध्यम से उनके क्षेत्र की संगठनात्मक जानकारी, स्थानीय परिस्थितियों तथा कार्यप्रणाली की समझ का आकलन किया गया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने प्रत्येक क्षेत्रीय अध्यक्ष से व्यक्तिगत रूप से उनके अब तक के कार्यकाल की समीक्षा की। उन्होंने सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों को निर्देशित किया कि महिलाओं को अधिक से अधिक जिम्मेदारियां देकर संगठन में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि रालोद आगामी समय में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए निरंतर समीक्षा बैठकों का आयोजन करेगा। उन्होंने सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों, शहरों एवं महानगर इकाइयों का विस्तार करते हुए संगठन को चुस्त-दुरुस्त बनाया जाए। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने कहा कि संगठन में कार्य करने वालों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक पदाधिकारी के कार्यों की नियमित समीक्षा होगी तथा संगठन की मजबूती के लिए जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रीय अध्यक्षों से उनके क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न राजनीतिक एवं संगठनात्मक मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों की संगठनात्मक स्थिति, चुनौतियों तथा आगामी कार्ययोजना से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया। इस दौरान संगठन के विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, महिला सहभागिता बढ़ाने, विभिन्न प्रकोष्ठों के गठन तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता, युवक पर भगा ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र से बीते दिनों एक 22 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद उसके पिता ने एक युवक पर उसे अपने साथ भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़ित का कहना है कि उसकी बेटी बंथरा थाना क्षेत्र के बनी स्थित एक डिलीवरी कंपनी में काम करती थी और कार्यस्थल के पास ही रहती थी। आरोप है कि 25 जुलाई 2026 को बंथरा थाना क्षेत्र के ही नानमऊ गांव निवासी पवन कुमार पुत्र मान सिंह उसे अपने साथ लेकर चला गया। काफी तलाश के बाद भी युवती का कोई पता नहीं चलने पर पीड़ित ने बंथरा थाने में तहरीर दी। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे युवती और आरोपी की तलाश कर रही है।

## दुबई से लौटे युवक का ट्रॉली बैग चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों दुबई से लौटे एक युवक का दुबई की मुद्रा, सोना, कपड़े और पासपोर्ट से भरा ट्रॉली बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में बलिया जिले के उभांव थाना अंतर्गत उमरगंज बेल्थरा रोड निवासी महबूब आलम ने बलरामपुर जिले के श्रीदत्त गंज थाना स्थित किठूर निवासी दीपक वर्मा, यहीं के इटई मैदा निवासी राम प्रताप दुब, पंजाब के मोगा निवासी अर्शदीप और इनके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महबूब आलम के मुताबिक वह करीब तीन वर्षों से दुबई में रह कर नौकरी कर रहा था। महबूब आलम का कहना है कि 27 जुलाई की सुबह करीब 8:30 बजे वह लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर उतरा। यहाँ एयरपोर्ट के बाहर उसे दीपक वर्मा, राम प्रताप दुबे, अर्शदीप और उनके अन्य साथियों ने मुलाकात कर बातचीत के बहाने अपनी ब्रेजा कार में बिठा लिया। आरोप है कि सभी लोग महबूब आलम को काफी देर तक इधर-उधर घुमाते रहे और बाद में आलमबाग बस अड्डे के पास उतार दिया। पीड़ित महबूब का कहना है कि इस दौरान कार में रखा उसका ट्रॉली बैग वापस नहीं किया और आरोपी बैग लेकर फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि बैग में पासपोर्ट, कपड़े, सोने के कैप्सूल और दुबई की मुद्रा दिरहम रखे थे। फिलहाल पीड़ित महबूब आलम की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 2027 में पुनः एनडीए सरकार बनाने का लिया गया संकल्प

रायबरेली। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव एवं केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे का सोमवार को रायबरेली आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल-नगाड़ों और फूल- मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इसके बाद आयोजित 'चाय पर जन संवाद' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने उपस्थित जनसमूह और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि रालोद का एक-एक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जमीन पर काम कर रहा है।

# जनसेवा व जन समस्याओं का समाधान सर्वोपरि - केशव प्रसाद मौर्य

**विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से की भेंट, समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधान भवन, लखनऊ में तृतीय सत्र-2026 मे सदन की कार्यवाही में सम्मिलित होने से पूर्व अपने सरकारी आवास, कालिदास मार्ग, लखनऊ पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं स्थानीय समस्याओं से उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य को अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री ने प्रत्येक नागरिक की बात को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ सुना तथा संबंधित विभागों एवं जनपदों के अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुगमता से पहुंचे तथा प्रत्येक नागरिक को न्यायोचित एवं प्रभावी समाधान प्राप्त हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश की जनता की सेवा, उनकी समस्याओं का समाधान और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के अनुरूप जनकल्याण एवं सुशासन के संकल्प को निरंतर साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन केवल जनसमस्याओं को सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद का सशक्त मंच है। इससे नागरिकों की समस्याओं को समझने तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा, सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। जनता का विश्वास सरकार की सबसे बड़ी शक्ति है और उस विश्वास पर खरा उतरना हम सभी का दायित्व है।

# रायबरेली में 'चाय पर जन संवाद' कार्यक्रम में अनिल दुबे का हुआ भव्य स्वागत

**2027 में पुनः एन डी ए की सरकार बनाने का लिया संकल्प**

अमन लेखनी समाचार



खनऊ/ रायबरेली 04 अगस्त। रायबरेली में रालोद राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय लोकदल केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे का भव्य स्वागत किया गया। 'चाय पर जन संवाद' कार्यक्रम में 2027 में पुनः एनडीए सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय महासचिव एवं केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे का आज रायबरेली आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और प्रमुख कार्यकताओं द्वारा ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिला इसके पश्चात आयोजित 'चाय पर जन संवाद' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने उपस्थित जनसमूह और कार्यकताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का एक-एक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जमीन पर काम कर रहा है। श्री दुबे ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अभी से प्राण प्राण से जुटने के लिए स्पष्ट रूप से कहा, ₹वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में पुनः प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए (ठऊअ) की सरकार बनाने के लिए राष्ट्रीय लोकदल पूरी तरह से कृतसंकल्पित है। केंद्र और राज्य की लोककल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है।₹'चाय पर जन संवाद' के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों और कार्यकताओं की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि रालोद किसानों, नौजवानों और समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष समरजीत सिंह, क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारी, युवा रालोद के नेता और सैकड़ों की संख्या में समर्पित कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बंद घर में लाखों रुपये की चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने बीते दिनों एक बंद घर में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब पांच लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के गहने, 5,230 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस इस मामले में एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गौरतलब है कि बिजनौर थाना क्षेत्र की ओमेक्स सिटी निवासी एक सीमेंट कंपनी में काम करने वाले अविरल सिंह परिवार सहित ज्यादातर हजरतगंज क्षेत्र में रहते हैं। जबकि उनका ओमेक्स सिटी वाला घर बंद रहता है। बीती 19 जुलाई 2026 को अविरल की पत्नी गर्विता सिंह ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ओमेक्स सिटी वाले घर में ताला बंद था और सभी लोग परिवार सहित हजरतगंज वाले घर में थे। तभी घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए मोबाइल पर घर में चोरी होने की जानकारी हुई। घर जाकर देखा तो घर के अंदर कमरों और अलमारी के ताले टूटे होने के साथ अंदर रखे लाखों रुपए कीमत के गहने, 50 हजार रुपये की नगदी, एक सीबो और एक टाइटन कंपनी की कीमती घड़ी सहित बैंक के लाकर की चाबी आदि सामान भी गायब मिला। सीसीटीवी कैमरे में दो अज्ञात चोर घर के अंदर घुसकर चोरी करते नजर आए। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई और पुलिस की 2 टीमों ने करीब 70 से 80 सीसीटीवी फुटेज व सर्विलेंस आदि की मदद से 2 अगस्त रविवार देर शाम आशियाना के शारदा नगर निवासी शंकर कुमार शाक्य को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने घटना कबूलते हुए बताया कि उसने अपने साथी सुनील उर्फ रंजीत के साथ मिलकर दिन में बंद मकान की रेकी की और बाद में रात को ताला तोड़कर चोरी कर ली। उसने बताया कि वह चोरी किए गहने बेचने की फिराक में घूम रहा था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने की चैन, कान के टॉप्स, नोज पिन, दो कड़े, चांदी की एक जोड़ी पायल और नकदी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस और पॉक्सो एक्ट आदि पहले से ही मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को उसे जेल भेज दिया है।

# सावन के पहले सोमवार पर कंसा किला विवाद फिर गरमाया, पुलिस ने रोका तो सड़क पर ही किया जलाभिषेक

अमन लेखनी समाचार



विवादित ढांचे पर जलाभिषेक करने पहुंचे संगठन के लोग

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के कसमंडी कला स्थित विवादित कंसा किला स्थल पर सावन के पहले सोमवार को एक बार फिर माहौल तनावपूर्ण हो गया। लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी अपने करीब 200 समर्थकों के साथ 108 गांवों की मिट्टी और पवित्र जल लेकर कंसा किला परिसर में जलाभिषेक करने पहुंचे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें विवादित स्थल तक जाने की अनुमति नहीं दी। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बैरीकेडिंग कर उन्हें रास्ते में ही रोक दिया गया। इसके बाद सूरज पासी ने समर्थकों के साथ सड़क पर ही जलाभिषेक कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया और वापस लौट गए। दरअसल, कसमंडी कला स्थित कंसा किला पिछले कई महीनों से विवाद का केंद्र बना हुआ है। एक पक्ष इस स्थल को प्राचीन शिव मंदिर बताकर यहां नियमित पूजा-अर्चना और जलाभिषेक की मांग कर रहा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे मकबरा होने का दावा करता है। इसी विवाद के चलते बीते मई माह से प्रशासन लगातार सतर्क है। सावन के पहले सोमवार को किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। विवादित स्थल से करीब 50 मीटर पहले ही बैरीकेडिंग कर दी गई थी। मौके पर एडीसीपी उत्तरी, एसीपी मलिहाबाद ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस, पीएसी तथा अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहा। पूरे क्षेत्र में पुलिस लगातार निगरानी करती रही। जैसे ही सूरज पासी अपने समर्थकों के साथ बैरीकेडिंग तक पहुंचे, पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस और समर्थकों के बीच कुछ देर बहस हुई तथा समर्थकों ने नारेबाजी भी की। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने संयम बरतते हुए स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखा। इसके बाद सूरज पासी ने सड़क पर ही 108 गांवों की मिट्टी और जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और अपने समर्थकों के साथ शांतिपूर्वक वापस लौट गए। सूरज पासी का कहना है कि उन्होंने जलाभिषेक की अनुमति के लिए पहले ही जिला प्रशासन से अनुरोध किया था, लेकिन अनुमति नहीं दी गई। वहीं प्रशासन का कहना है कि विवादित स्थल की संवेदनशीलता को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। फिलहाल गांव और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है तथा पुलिस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# ट्रांसफार्मर के पास जमीन में उतरे करंट से मवेशी की मौत

**प्राथमिक विद्यालय से कुछ दूरी पर हुआ हादसा, बिजली व्यवस्था की तकनीकी जांच कराने की उठी मांग**

अमन लेखनी समाचार



करंट से मवेशी की मौत, मौजूद भीड़

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के मोहम्मद नगर तालुकेदारी गांव में सोमवार सुबह ट्रांसफार्मर के पास जमीन में उतरे करंट की चपेट में आने से एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। मृत भैंस गांव के पूर्व प्रधान महादेव की बताई जा रही है, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीण बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए तत्काल तकनीकी जांच की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मवेशी ट्रांसफार्मर से करीब पांच मीटर की दूरी पर बंधी हुई थी। सोमवार सुबह अचानक जमीन में करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आने से भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हैरानी की बात यह है कि घटनास्थल पर न तो 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का कोई तार टूटा मिला और न ही 440 वोल्ट की लाइन में कोई स्पष्ट खराबी दिखाई दी। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इतनी दूरी तक जमीन में करंट कैसे फैल गया। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे का स्थान सरकारी प्राथमिक विद्यालय से महज करीब 20 फुट की दूरी पर है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ने आते हैं। यदि उसी समय कोई बच्चा या राहगीर वहां मौजूद होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग से ट्रांसफार्मर, अर्थिंग सिस्टम और संपूर्ण विद्युत व्यवस्था की विशेषज्ञों से गहन तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक सुरक्षा संबंधी सभी खामियों को दूर नहीं किया जाता, तब तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जानी चाहिए। इस घटना ने बिजली व्यवस्था की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# कार को बचाने में डिवाइडर से टकराया ट्रक, खलासी घायल

अमन लेखनी समाचार



डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक – फोटो

लखनऊ। लखनऊ-हरदोई हाईवे पर रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना पुल के पास सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। लखनऊ से संडीला की ओर जा रहा प्लाई बोर्ड और पुट्टी लोड करने वाला ट्रक सामने से ओवरटेक कर रही कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला पहिया डिवाइडर के बीच पानी निकासी के लिए बनी नाली में फंस गया। यदि ट्रक डिवाइडर तोड़कर पुल से नीचे गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार ट्रक चालक ओमकार वाहन लेकर लखनऊ से संडीला स्थित फैक्ट्री जा रहा था। सोमवार सुबह जैसे ही ट्रक तरौना पुल के पास पहुंचा, उसी दौरान एक कार अचानक ओवरटेक करते हुए सामने आ गई। कार को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन मोड़ा, जिससे ट्रक संतुलन खो बैठा और तेज आवाज के साथ डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में चालक ओमकार सुरक्षित बच गया, जबकि ट्रक में मौजूद खलासी भाई पवन यादव निवासी ग्राम खानपुर, थाना बिलरियागंज, जनपद आजमगढ़ घायल हो गए। पवन की नाक तथा बाएं हाथ की अंगुलियों में चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल भेजकर उपचार कराया। घटना की सूचना मिलते ही रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं यातायात व्यवस्था संभाल ली। काफी देर तक हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। बाद में क्रेन मंगाकर ट्रक को डिवाइडर की नाली से बाहर निकालकर सड़क किनारे कराया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि दुर्घटना में केवल खलासी घायल हुआ है। किसी अन्य व्यक्ति को चोट नहीं आई है। ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो घायल, एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



क्षतिग्रस्त बाइक – फोटो

लखनऊ। एचपी गैस उपभोक्ताओं की केवाईसी करके वापस बाइक से लौट रहे दो कर्मचारियों को ट्रैक्टर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंचे पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार को उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के ग्राम गोझीहार निवासी बबलू साथी राकेश एचपी गैस उपभोक्ताओं की केवाईसी करने दौलतपुर, भटपुरवा गए थे। वहीं से वापस रहीमाबाद लौट रहे थे। तभी बाकीनगर मोड के पास रहीमाबाद बाजार की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसपे सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बबलू की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। जिसमें बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण त्रिगुणायक ने बताया कि बाइक और ट्रैक्टर में भिड़ंत हुई है जिसमें दो बाइक सवार घायल हुए ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 33 केवी फाल्ट से 52 गांवों की बिजली गुल, 12 घंटे से ठप आपूर्ति

**रहीमाबाद से मलिहाबाद आने वाली भूमिगत लाइन में दो स्थानों पर मिला फाल्ट**

**छह घंटे बाद पहुंची फॉल्ट लोकेटर मशीन, देर रात तक चलता रहा मरम्मत कार्य**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भीषण गर्मी के बीच सोमवार दोपहर करीब 12 बजे रहीमाबाद उपकेंद्र से मलिहाबाद आने वाली 33 केवी भूमिगत केबिल में अचानक फाल्ट आने से मलिहाबाद क्षेत्र के करीब 52 गांवों और नगर पंचायत के अधिकांश मोहल्लों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। देर रात तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, जिससे दो लाख की आबादी को भीषण गर्मी के साथ पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा। कई घरों में इनवर्टर जवाब दे गए तो लोग अंधेरे और उमस भरी गर्मी में रात बिताने को मजबूर हो गए। लंबे समय तक बिजली न आने से ग्रामीणों और कस्बावासियों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी भी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार, 33 केवी भूमिगत लाइन में फाल्ट आने से चांदपुर, तहसील, गल्ला मंडी, मिजार्गंज और मानखेड़ा फीडर पूरी तरह प्रभावित हो गए। इससे जुड़े नजर नगर, बिराहिमपुर, बदौरा, फूलचंद खेड़ा, माधवपुर, मोहद्दीपुर, कुंडरा कला, गढ़ी संजर खां, कुंडरा खुर्द, भुलभुला खेड़ा, चांदपुर, हासिमपुर, ईशापुर, कहला, सुरगौला, रूपनगर, भतोइया, भिम्माखेड़ा, रसूलपुर, गौरैयन खेड़ा, मानखेड़ा कटौली, टिकरी खुर्द समेत दर्जनों गांवों और मलिहाबाद कस्बे के अधिकांश इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली ठप होने का सबसे अधिक असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा। अधिकांश घरों में सबमर्सिबल और मोटर नहीं चल सकीं, जिससे लोगों को पीने के पानी और दैनिक उपयोग के लिए परेशानी उठानी पड़ी। दुकानों, छोटे व्यापारियों और घरेलू कामकाज पर भी बिजली संकट का असर साफ दिखाई दिया। भीषण उमस के कारण बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत झेलनी पड़ी। बिजली विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कुछ फीडरों पर एक-एक घंटे के अंतराल में सीमित आपूर्ति देने का प्रयास किया, लेकिन इससे अधिकांश उपभोक्ताओं को कोई खास राहत नहीं मिल सकी। रात तक भी स्थिति सामान्य नहीं हो सकी और लोग लगातार बिजली आने का इंतजार करते रहे। करीब छह घंटे बाद लखनऊ से फॉल्ट लोकेटर मशीन मलिहाबाद पहुंची। विशेषज्ञ टीम ने जांच के दौरान रहीमाबाद, तरौना और भतोइया गांव के पास 33 केवी भूमिगत लाइन में फाल्ट की पहचान की। फाल्ट मिलने के बाद देर शाम से अंधेरे में ही मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। विभागीय कर्मचारी देर रात तक लाइन दुरुस्त करने में जुटे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों में 33 केवी भूमिगत लाइन में कई बार फाल्ट हो चुका है। हर बार मरम्मत में 10 से 12 घंटे या उससे अधिक समय लग जाता है, जिससे लाखों की आबादी को बार-बार बिजली संकट झेलना पड़ता है। लोगों ने विभाग से भूमिगत लाइन की स्थायी मरम्मत और आधुनिक व्यवस्था विकसित करने की मांग की है ताकि बार-बार होने वाले फाल्ट से राहत मिल सके। अवर अभियंता त्रिभुवन ने बताया कि 33 केवी भूमिगत लाइन में फाल्ट आने पर उसकी सटीक लोकेशन पता लगाने और मरम्मत के लिए लखनऊ से विशेषज्ञ टीम बुलानी पड़ती है। इसी कारण आपूर्ति बहाल करने में समय लगता है। उन्होंने बताया कि फाल्ट को ठीक करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और जल्द ही सभी प्रभावित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

## संक्षेप

### बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

पुरवा-उन्नाव। श्रावण माह के पहले सोमवार को स्थानीय बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। प्रशासन पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहा। एसडीएम ने भी मेला परिसर की व्यवस्था का जायजा लिया। उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने सोमवार के स्थानीय बिल्लेश्वर महादेव मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह से ही भक्तों द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजन किया। बम बम भोले व हर हर महादेव के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। परिसर में विभिन्न प्रकार की दुकानें व पूजन सामग्री की दुकानें सजी रहीं। एसडीएम दिग्विजय सिंह के साथ प्रभारी तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी, क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत पाण्डेय, नगर पंचायत से पंकज तथा प्रभारी निरीक्षक भवन सिंह मौर्य पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

### पूजा के दौरान किशोर को सांप ने डसा हालत गंभीर

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के धीरखेड़ा गांव निवासी शिव कुमार विश्वकर्मा के 17 वर्षीय पुत्र सौरभ विश्वकर्मा को सोमवार सुबह करीब आठ बजे घर में पूजा करते समय सांप ने पैर में काट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नितिन कुमार ने बताया कि किशोर की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### ओवरब्रिज निर्माण पर पुनर्विचार की मांग, विधायक ने एनएचएआई को लिखा पत्र

उन्नाव। भाजपा विधायक बृजेश कुमार रावत ने नवाबगंज कस्बे में प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण और उसके लिए की जा रही ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट निदेशक को पत्र भेजकर परियोजना पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि 13 जुलाई से लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के संचालन के बाद पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का दबाव 50 प्रतिशत से अधिक कम हो गया है। भारी वाहन और लंबी दूरी का अधिकांश ट्रैफिक एक्सप्रेसवे पर स्थानांतरित हो चुका है। ऐसे में वर्तमान परिस्थितियों में नवाबगंज में प्रस्तावित ओवरब्रिज की आवश्यकता का दोबारा आकलन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई तो वर्षों की मेहनत से खड़ी छोटे व्यापारियों की दुकानें और कई परिवारों के आशियाने उजड़ जाएंगे, जिससे सैकड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। विधायक ने जनहित और स्थानीय नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया तत्काल स्थगित करने तथा परियोजना की उपयोगिता की पुनः समीक्षा कराने की मांग की है।

# मोबाइल से दूरी, किताबों से दोस्ती जनपद के परिषदीय स्कूलों में शुरू हुआ डियर अभियान

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बदलते दौर में बच्चों का बढ़ता स्क्रीन टाइम अभिभावकों और शिक्षकों दोनों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में परिषदीय विद्यालयों ने बच्चों को फिर से किताबों से जोड़ने की पहल शुरू की है। नए शैक्षणिक सत्र में 'ड्रॉप एवरीथिंग एंड रीड डियर अभियान के तहत अब सप्ताह में एक दिन बच्चे पाठ्यपुस्तकों से अलग कहानी, कविता, बाल साहित्य और अन्य प्रेरक पुस्तकें पढ़ेंगे।

कंपोजिट विद्यालय रनियामऊ के शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार विद्यालय की समय-सारिणी में इसके लिए अलग कालांश निर्धारित किया जाएगा। इस अवधि में विद्यार्थी अपनी पसंद की पुस्तकें पढ़ेंगे। उनका कहना है कि नियमित पठन से बच्चों की भाषा क्षमता, कल्पनाशीलता, अभिव्यक्ति और रचनात्मक सोच का विकास होगा, साथ ही पुस्तकों के प्रति उनका लगाव भी बढ़ेगा। एआरपी ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि अभियान को केवल पुस्तक पढ़ने तक सीमित नहीं रखा जाएगा। विद्यार्थियों के लिए पुस्तक चर्चा, कहानी वाचन, कविता पाठ, लेखन, अनुभव साझा करने और अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि पढ़ाई को आनंददायक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल बच्चों को कुछ समय के लिए मोबाइल की दुनिया से निकालकर ज्ञान और संस्कारों से भरपूर पुस्तकों की दुनिया से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनेगी।

विद्यालय परिवार ने अभियान के साथ-साथ ग्राम भ्रमण कर अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का अनुरोध भी किया। शिक्षकों ने शिक्षा को जनभागीदारी से जोड़ते हुए ग्रामीणों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने की अपील की।

इस अवसर पर शिक्षक अमित तिवारी, देवेंद्र त्रिपाठी, संतोषी देवी, कृपा शंकर, पूनम देवी, अनूप साहू, नीरज प्रजापति, राहुल सिंह, राधा देवी, सुदेवी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# उमड़ा आस्था का सैलाब, गंगा स्नान व जलाभिषेक के लिए दिनभर उमड़े श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार



परियर, उन्नाव। सावन माह के पहले सोमवार पर परियर गंगा तट और प्रसिद्ध बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र स्नान शुरू कर दिया, जो देर शाम तक निरंतर चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना की तथा तीर्थ पुरोहितों को दान-दक्षिणा अर्पित की। वहीं कांवड़ियों की टोलियां गंगा जल भरकर विभिन्न शिवालयों के लिए रवाना होती रहीं।गंगा स्नान के उपरांत श्रद्धालु बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां भगवान शिव के जलाभिषेक एवं दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं मंगल की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर ₹हर-हर महादेव और ₹बोल बम₹ के जयघोष से भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए थे। थाना प्रभारी सफीपुर संदीप मिश्रा एवं परियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ गंगा तट से लेकर मंदिर परिसर तक लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी शैलेन्द्र लाल, नायब तहसीलदार यशवंत सिंह, राजस्व निरीक्षक बृजेश दीक्षित तथा लेखपाल प्रदीप विभिन्न ड्यूटी प्वाइंटों पर व्यवस्थाओं का संचालन करते नजर आए।वहीं अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गौर एवं सदर उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा मोबाइल एवं ऑनलाइन माध्यम से लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। प्रशासन की सतर्कता, सुरक्षा व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधन के चलते सावन के पहले सोमवार पर गंगा स्नान, जलाभिषेक और दर्शन-पूजन का पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# गंगा एक्सप्रेसवे रोड में बना अंडरपास जलमग्न अवागमन बाधित



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील पाटन क्षेत्र के अनेकों गांवों की भूमि से होकर गंगा एक्सप्रेसवे रोड का निर्माण हुआ वर्तमान में यह रोड का उद्घाटन हो चुका है और चालू भी हो गई है ग्राम देवारा के पास बना अंडरपास सहित अनेको अंडरपास में बरसात हो जाने पर पानी भर गया है गंगा एक्सप्रेसवे की सड़क के किनारे कई लेयर बैरिकेटिंग व अधिक ऊंचाई होने के कारण इस पार से उसे पार किसानों को कृषि कार्य के लिए जाना पड़ता है लेकिन अंडरपासों में कीचड़ सहित अधिक पानी होने के कारण लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को इस समस्या पर नजर नहीं जा रही है क्योंकि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण हो चुका है।

# रिटायर्ड दरोगा ने लाइसेंसी बन्दूक से गोली मार कर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में रविवार रात एक रिटायर्ड दरोगा ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पीडी नगर निवासी रामजीत वर्मा 65 वर्ष के रूप में हुई है। वह यूपी पुलिस से 2021 में एलआईयू शाखा से रिटायर हुए थे। मूल रूप से वह कन्नौज के गुरुसहायगंज थाना क्षेत्र के रउतामई गांव के रहने वाले थे।

परिजनों के अनुसार रविवार रात करीब 10 बजे सभी ने साथ बैठकर भोजन किया। इसके बाद रामजीत वर्मा अपने कमरे में चले गए। रात 11 बजकर 15 मिनट के आसपास गोली चलने की आवाज सुनकर बेटा अभिषेक कमरे में पहुंचा। वहां दरवाजा खुला था और रामजीत वर्मा फर्श पर खून से लथपथ पड़े थे। उन्होंने अपनी एकनली लाइसेंसी बंदूक मुंह में रखकर फायर कर लिया था जिससे उनका जबड़ा क्षतिग्रस्त हो गया था।


अभिषेक तुरंत अपने पिता को लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही रामजीत वर्मा ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल की जांच की। पुलिस ने लाइसेंसी हथियार को अपने कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

रामजीत वर्मा अपनी पत्नी उर्मिला के निधन के बाद बेटे अभिषेक, बहू ज्योति और दो पोते-पोतियों के साथ पीडी नगर में रहते थे। अभिषेक यहां पोल्ट्री फार्म चलाते हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद से रामजीत काफी परेशान रहते थे और शराब का सेवन भी बढ़ गया था। इसी अवसाद के चलते उन्होंने यह कदम उठाया होगा।

कोतवाली सदर प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि मामले में परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गोपनीयता भंग करने के आरोप में लिपिक निलंबित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नगर पंचायत अचलगंज में कार्यरत लिपिक/ बाबू को अनुशासन हीनता व गोपनीयता भंग करने के आरोप में अध्यक्ष ने निलंबित कर जिले के उच्चाधिकरोयों को सूचना दी है। निलंबन आदेश मिलते ही बाबू कार्यालय कक्ष में ताला लगा कर चले गए।जिसके विपरीत चेयरमैन ने उक्त ताले के ऊपर अपना दूसरा ताला जड़ दिया है। अधिशाषी अधिकारी शालिनी को मामले की जांच सौंपी गई है। अचलगंज नगर पंचायत गठन के साथ ही विवादों में घिरी रही है। यहां आये दिन काम काज ही नहीं विकास प्रभावित रहा है सभासदों में गुटबन्दी के साथ आरोप प्रत्यारोप का दौर आए दिन चलता रहता है सभासदों ने जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की हैं। नगर पंचायत में तैनात धीरेंद्र यादव को नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए 31 जुलाई को निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में धीरेंद्र पर कार्यालय की गोपनीयता भंग करने व अनुशासन हीनता का आरोप लगाया है। उक्त कार्यवाही से नगर पंचायत में हड़कंप मचा है। निलंबित धीरेंद्र यादव ने दोनों आरोपो का खंडन करते हुए कार्यवाही को द्वेष पूर्ण होना बताया है। अधिशाषी अधिकारी शालिनी त्रिपाठी ने भी बाबू की कार्य शैली पर सवाल खड़े करते हुए निलंबन की पुष्टि की है।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक छात्र की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। लखनऊ मार्ग स्थित तकिया चौराहे के निकट सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहाँ उपचार के दौरान एक छात्र की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ी डडिया निवासी शिवशंकर का 18 वर्षीय पुत्र शिवा कॉलेज से पढ़ाई कर बाइक से अपने घर लौट रहा था। वहीं फतेहपुर-84 थाना क्षेत्र के ग्राम रज्जब खेड़ा निवासी रामप्रकाश का पुत्र सुजीत भी विद्यालय से बाइक द्वारा घर वापस जा रहा था। दोपहर के समय लखनऊ रोड स्थित तकिया चौराहे के निकट दोनों बाइकों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को यहाँ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शिवा ने दम तोड़ दिया। जबकि सुजीत का उपचार जारी है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महिला शिक्षामित्र की सड़क हादसे में हुई मौत कई सवारियां घायल

अमन लेखनी समाचार



पाटन। उन्नाव थाना बिहार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा डुबाई के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र श्याम दुलारी 43 वर्ष पत्नी बच्चू लाल रविवार को अपनी देवरानी राम दुलारी की मेडिकल जांच कराने के लिए लालगंज गई थी वहां से टेंपो द्वारा घर वापस आ रही थी तभी उन्नाव लालगंज नेशनल हाईवे 31 पर नेहस्था सातनपुर के पास अचानक सामने बंदर आ जाने से टेंपो अनियंत्रित हो गया जिससे कई सवारियां नीचे सड़क पर गिर गई और टेंपो का एक पहिया श्याम दुलारी की गर्दन पर चढ़ गया जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई साथ ही और भी कई सवारियां घायल हो गई देवरानी राम दुलारी की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने श्याम दुलारी को लालगंज के सरकारी अस्पताल में लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया लालगंज कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया अभी परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

मृतका अपने पीछे एक पुत्री जिसकी शादी हो चुकी और एक लड़का जो अभी पढ़ रहा है छोड़ गई वहीं उनके पति मेरठ में रहकर गाड़ी चलाते हैं।

# सावन के पहले सोमवार को गंगा तट पर उमड़ी भक्तों की भीड़

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर बक्सर गंगा घाट पर सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। सुबह से ही गंगाघाट पर स्नान के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान हर तरफ 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारे गूंजते रहे, जिससे पूरा इलाका शिवमय हो गया। दूर-दराज से आए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र डुबकी लगाई। पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने पूरी श्रद्धा के साथ स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के बाद भक्तों ने घाट पर पूजा-अर्चना की और पास के शिवालयों की ओर रुख किया। मंदिरों में भी भक्तों की अपार भीड़ देखी गई, जहां लंबी कतारों में लगकर लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध और गंगाजल अर्पित कर देवाधिदेव महादेव की आराधना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रांगण में गूंजते धार्मिक भजन और शिव तांडव स्तोत्र का पाठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहा था। भक्त दिनभर 'ओम नमः शिवाय' का जाप करते हुए शिव स्मरण में लीन नजर आए। सावन के पहले सोमवार पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बारासगवर थाना प्रशासन पूरी तत्परता से लगा रहा है।

# दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत एक घायल की बाइक व मोबाइल लेकर भागे

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। असोहा दर्शन करके वापस आ रहे बाइक सवार को बाइक ने मारी टक्कर बाइक सवार घायल , बाइक को टक्कर मारने वाले घायल की बाइक व मोबाइल लेकर भागे ।

थाना असोहा क्षेत्र के लेंगड़ा खेड़ा गांव निवासी अंगद गांव के ही कमलेश कुमार की बाइक से भवरेश्वर बाबा मन्दिर दर्शन करने गया था , दर्शन करके वापस आ रहा था ,कालूखेड़ा असरेन्दा मार्ग पर अभी वह हमारा पम्प पहासा के पास पहुंचा ही था कि सामने से आरहे अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी ,टक्कर लगते ही अंगद गिर कर बेहोश हो गया , निकल रहे राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल अंगद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असोहा पहुंचाया ,इस बीच अज्ञात बाइक सवारों ने घायल अंगद के मोबाइल तथा बाइक लेकर चले गए , घायल अंगद को जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर होश आया तो परिजनों को पूरी बात बताई । घायल अंगद ने अज्ञात बाइक सवारो के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है, चौकी इंचार्ज कालूखेड़ा लाल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है बाइक सवारों की तलाश की जा रही है ।

# जलाभिषेक कर वापस जा रहे कांवरियों की ट्रैक्टर ट्राली हुई अनियंत्रित, यात्री सुरक्षित

### बुढ़वा बाबा में जलाभिषेक कर वापस लखीमपुर जा रहे थे शिव भक्त

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। कांवरियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड्डे में चली गई लेकिन सभी यात्री सकुशल सुरक्षित बच गए।सोमवार को नानपारा लखीमपुर हाईवे पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया कांवरियों से भरी दो ट्रैक्टर ट्राली ई रिक्शा को बचाने के चक्कर में सड़क से नीचे उतर गई। ईश्वर की कृपा रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।रविवार को जालिम नगर से जल भरकर दुर्गा गौढी लखीमपुर-खीरी से एक कांवरियों का जत्था रामपुर धोबिया हार में स्थित बूढ़ेश्वर नाथ धाम बुढ़वा बाबा में जल चढ़ाने के लिए गया था सोमवार को वहीं कांवरियों का जत्था ट्रैक्टर ट्राली से वापस अपने गांव के लिए जा रहा था। जिसमें महिला पुरुष बच्चे सभी शामिल थे जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली नानपारा लखीमपुर हाईवे के दीक्षित ढाबा के पास पहुंचा इस दौरान आगे सवारियों को लादे जा रही एक ई रिक्शा को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर चालक राजेंद्र पुत्र विश्वेश्वर निवासी दुर्गा गौढी लखीमपुर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ब्रेक मार दी। इस दौरान ट्रैक्टर सड़क किनारे गड्ढे में उतर गया। किंतु किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई ना ही कोई चोटिल हुआ। ट्रैक्टर में बैठे सभी कांवरिया व ई रिक्शा में बैठे सभी सवारियां पूरी तरह सुरक्षित रही। ई रिक्शा चालक ओमप्रकाश पुत्र छबीले ग्राम सभा औरहवा परगहवा थाना रुपैडिहा का रहने वाला था। वही ट्रैक्टर चालक राजेंद्र पुत्र विश्वेश्वर दुर्गा गौढी जिला लखीमपुर का रहने वाला है। सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मार्ग को बहाल कराया और इस घटना की सूचना थाना अध्यक्ष मोतीपुर ब्रह्मा गोंड को दी।डायल 112 में दीवान प्रमोद कुमार वर्मा तथा चालक मोहम्मद हारुन ने ट्रैक्टर ट्राली में फंसे कांवरियों को सुरक्षित निकालने में काफी मदद की और तत्काल यातायात बहाल कराया ।मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष ब्रह्मा गोंड ने भी मौके का मुआइना किया। आपको बताते चले कि एक ट्रैक्टर में दो ट्रालियों को चालक ने जोड़ रखा था जिससे वह अनियंत्रित हो गई।

# पवित्र सावन मास के पहले सोमवार को शिवालयों और शिव मंदिरों में रहा आस्था का अभूतपूर्व सैलाब

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। सावन मास के पहले सोमवार को सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भक्तों ने सुबह से ही लंबी कतारों में लगकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विशेष पूजा-अर्चना की। सावन के पहले सोमवार को लेकर शिव भक्तों में भारी उत्साह नजर आया। नगर के ऐतिहासिक व प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिरों समेत ग्रामीण अंचलों के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अलसुबह से ही मंदिरों के कपाट खुलते ही 'ॐ नमः शिवाय' के मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध, गंगाजल, अक्षत और रोली अर्पित की। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। नगर और क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में सावन के पहले सोमवार के अवसर पर विशेष अनुष्ठान और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। विद्वान आचार्यों और पंडितों द्वारा विधि-विधान से भगवान शिव का पंचामृत स्नान कराया गया और महामृत्युंजय मंत्र के जाप के साथ विश्व कल्याण की कामना की गई। कई स्थानों पर भक्तों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ?शिव मंदिरों में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए डायवर्जन भी किया गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए भी मंदिरों के आसपास विशेष पुलिस बल तैनात किया गया था। कस्बा गंजमुरादाबाद में स्थित शिव मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना की गई। एवं शाम को नगर के नर्मदेश्वर पत्थर शिवाला मंदिर में विशेष आरती, कीर्तन, श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया।

## सम्पादकीय

# दंगाइयों पर न हो कोई नरमी

वर्ष 2020 के दिल्ली दंगे लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द पर एक गहरी चोट थे। हिंसा के पीछे चाहे कोई भी व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक पहचान हो, कानून का जवाब समान होना चाहिए। इन दंगों में मारे गए आईबी अधिकारी अंकित शर्मा के मामले में पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाया जाना अदालत का अहम फैसला है। 51 चोटों के साथ नाले से मिला अंकित शर्मा का शव हिंसा की क्रूरता की भयावह तस्वीर पेश करता है। यह फैसला केवल एक हत्या के दोषियों की सजा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि राजनीतिक पहचान, पद या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकते। हालांकि अदालत ने छह आरोपियों को साक्ष्यों के आधार पर बरी भी किया, जो यह बताता है कि न्याय का अर्थ केवल सजा देना नहीं, बल्कि प्रमाण के आधार पर दोष और निर्दोषिता तय करना भी है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन इसमें हिंसा का कोई स्थान नहीं है। खासकर यह तब और चिंताजनक हो जाता है, जब कोई राजनीतिक दल व तत्कालीन सरकार से जुड़ा व्यक्ति ऐसे दंगों में शामिल हो और एक आईबी अधिकारी की हत्या का दोषी हो। न्यायपालिका ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है और दोषियों को सख्त सजा दी है। हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान भी कुछ ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। जहां बलवाइयों ने सरकार संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और कई पुलिसकर्मियों पर भी हमले किए हैं। ऐसे में जरूरत है कि दंगों के मामलों में जांच और अभियोजन की प्रक्रिया तेज, निष्पक्ष और पारदर्शी हो। राजनीतिक बयानबाजी से ऊपर उठकर हर पीड़ित को न्याय और हर दोषी को कानून के मुताबिक सजा मिले। समाज के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि नफरत की राजनीति अंततः हिंसा को जन्म देती है और हिंसा किसी एक परिवार को नहीं, पूरे समाज को घायल करती है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू राजनीति का अपराधीकरण है। ताहिर हुसैन एक चुना हुआ जनप्रतिनिधि था, जिसका प्राथमिक कर्तव्य अपने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और भाईचारा बनाए रखना था। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए और अपने रसूख व घर का इस्तेमाल दंगों की साजिश रचने और हिंसा भड़काने के लिए करने लगे, तो लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर होती है। यह राजनीतिक दलों के लिए भी एक कड़ा सबक है कि वे उम्मीदवारों का चयन करते समय केवल 'जिताऊ क्षमता' न देखें, बल्कि उनके वैचारिक और नैतिक चरित्र की भी कड़ाई से जांच करें। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि केवल किसी राजनीतिक दल का चेहरा नहीं होता, बल्कि वह जनता के भरोसे का प्रतिनिधि होता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि संकट की घड़ी में वह लोगों को जोड़ने, तनाव कम करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भूमिका निभाए। यदि किसी जनप्रतिनिधि पर हिंसा में भागीदारी का आरोप साबित होता है और अदालत उसे दोषी ठहराती है, तो यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं रह जाता, बल्कि सार्वजनिक जीवन में भरोसे के संकट का विषय भी बन जाता है। इसलिए राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टिकट देने से लेकर संगठन में जिम्मेदारी सौंपने तक उम्मीदवार के आचरण और सार्वजनिक जीवन की पृष्ठभूमि की गंभीरता से जांच हो। दिल्ली दंगों की त्रासदी से निकला सबसे बड़ा संदेश यही है कि राजनीति में विचारों की लड़ाई हो सकती है, लेकिन इंसानियत और कानून की कीमत पर नहीं।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# आंदोलन की हिंसा पर कोर्ट का मत उचित

> उच्चतम न्यायालय का यह मत सर्वथा उचित है कि हिंसा चाहे किसी पक्ष की हो, उसकी स्वतंत्रत व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय की पीठ में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना शामिल थे। स्पष्टतः यह एक महत्वपूर्ण पीठ है। प्रचार शक्ति के कारण ऐसा लग रहा है जैसे केवल पुलिस ने एकपक्षीय हिंसा की। पुलिस की ज्यादती है तो उसकी सही तरीके से जांच हो। जिस तरह जगह-जगह पुलिस की भी गाड़ियां तोड़ी गईं, पुलिस पर हमले हुए, पत्रकारों पर हमले हुए, अनेक के लिए काम करना कठिन हो गया, महिला पत्रकारों तक के साथ हिंसा हुई, उन सबकी अनदेखी भविष्य में पूरे देश के लिए खतरनाक साबित होगी।

उच्चतम न्यायालय का यह मत सर्वथा उचित है कि हिंसा चाहे किसी पक्ष की हो, उसकी स्वतंत्रत व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय की पीठ में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना शामिल थे। स्पष्टतः यह एक महत्वपूर्ण पीठ है। प्रचार शक्ति के कारण ऐसा लग रहा है जैसे केवल पुलिस ने एकपक्षीय हिंसा की। पुलिस की ज्यादती है तो उसकी सही तरीके से जांच हो। जिस तरह जगह-जगह पुलिस की भी गाड़ियां तोड़ी गईं, पुलिस पर हमले हुए , पत्रकारों पर हमले हुए, अनेक के लिए काम करना कठिन हो गया, महिला पत्रकारों तक के साथ हिंसा हुई, उन सबकी अनदेखी भविष्य में पूरे देश के लिए खतरनाक साबित होगी। वास्तव में कॉकरोच जनता पार्टी के जंतर- मंतर पर धरना और संसद मार्च तक जो कुछ अवांछित हुआ, उनसे देश के आम विवेकशील संतुलित लोग विचलित और भयभीत हैं।

उच्चतम न्यायालय का यह मानना बिल्कुल उचित है कि आरोपों से प्रथम दृष्टया ऐसा मामला बनता है, जिसके लिए एक उच्च-स्तरीय पैनल द्वारा विस्तृत, निष्पक्ष और तटस्थ जांच की जरूरत है। न्यायालय ने केंद्र सरकार के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, केरल और मध्य प्रदेश समेत अन्य संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों से उत्तर मांगा है। न्यायपीठ ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं के आरोपों से स्वतंत्र जांच का एक शुरुआती मामला बनता है। न्यायालय की यह पंक्ति देखिए, ऐसी जांच में घायल पुलिसकर्मियों के परिवारों की चिंताओं और केंद्र सरकार की दलीलों की भी समान रूप से जांच होनी चाहिए। वैसे न्यायालय ने यह भी आदेश दे दिया कि बिना किसी आपराधिक रिकॉर्ड वाले हिरासत में लिए गए सभी नाबालिगों और छात्रों को तुरंत रिहा किया जाए। साथ ही अभी किसी तरह की दंडात्मक कार्रवाई रोकने का भी आदेश दिया है। इसमें तत्काल कोई समस्या नहीं है। कई बार जब समूह हिंसा करने लगता है तो कुछ निर्दोष, निरपराध की मानसिकता भी भीड़ जैसा करने की हो जाती है। हिंसा तो हिंसा है और वह अपराध की श्रेणी में आएगा। बावजूद ऐसे लोग जो वास्तविक छात्र हैं, उनके बारे में उदारतापूर्वक विचार होना चाहिए। कॉकरोच जनता पार्टी के लोग या विरोधी भले कुछ कहें लेकिन न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दंडात्मक कार्रवाई की यह सुरक्षा असामाजिक तत्वों या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर लागू नहीं होगी। यह स्थिति केवल राजधानी दिल्ली तक सीमित नहीं रही। इसके प्रभाव या परोक्ष रूप से प्रयासों के कारण देश के अलग-अलग राज्यों में प्रदर्शन हुए और चिंता का विषय यह कि हर जगह उग्रता, हिंसा और उदंडता उनके भाग बने। ऐसा लगता है कि आने वाले समय में न्यायालय, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का पक्ष जानने के बाद एक उच्चस्तरीय विशेष जांच दल का गठन कर सकता है। यही उचित भी होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ और धरना प्रदर्शन के नाम पर हिंसा तथा अन्य अपराध करने वालों को सजा नहीं मिली तो ऐसे तत्वों का हौसला बढ़ेगा जिन्हें भविष्य में संभालना कठिन होगा। इसीलिए हिंसा के हर संभव सबूत यानी जुड़े सभी सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन कैमरे की रिकॉर्डिंग, वायरलेस संचार रिकॉर्ड, पीसीआर कॉल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित



रखने को कहा गया है। सुनवाई के दौरान बेंच ने इस बात पर जोर दिया कि शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शनों को संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है। साथ ही यह भी माना कि दोनों पक्षों की ओर से की गई हिंसा की समान रूप से जांच होनी चाहिए। अगर ऐसे विरोध प्रदर्शनों में खास झंडे वाले घुसकर सह मेजबान बन जाएं और अपराध करें तो इन सब की निष्पक्ष जांच क्यों नहीं होनी चाहिए? ध्यान रखिए, पुलिस कार्रवाई से लेकर केंद्र सरकार और राज्यों के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में अनेक नामी वकील खड़े थे। न्यायालय ने सबकी सुनने के बाद कहा कि जो लोग कानून को अपने हाथ में लेते हैं, उनसे कानून के अनुसार निपटा जाना चाहिए। न्यायालय का मत बिल्कुल स्पष्ट है कि कोई निर्दोष निरपराध फंसे नहीं लेकिन दोषी, अपराधी ,षड्यंत्रकारी कानून के शिकंजे से बचे भी नहीं। नीट का प्रश्न पत्र लीक हो या किसी परीक्षा का, यह सबके लिए राष्ट्रीय शर्म का विषय है। मनुष्य के विरुद्ध छात्रों और विभागों और आम लोगों के अंदर क्षोभ बिलकुल स्वाभाविक है। इनके लिए जिम्मेदार और संलिप्त लोगों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो उदाहरण बने। साथ ही लीक प्रूफ स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी परीक्षा प्रणाली कायम हो। इससे किसी का विरोध हो ही नहीं सकता। पिछले कुछ वर्षों में विरोध प्रदर्शनों, धरना या आंदोलन का स्वरूप उभरा है, उससे भारत का हर विवेकशील व्यक्ति चिंतित है। 2020 में नागरिकता संशोधन विधेयक के विरुद्ध शाहीनबाग से आरंभ आंदोलन याद करिये। लंबे समय तक सड़कों पर लोग जमे रहे और उस दौरान भी हिंसा हुई। अंततः दिल्ली में दंगे हो गए, जिनमें 50 से ज्यादा लोग मारे गए। हमने कृषि कानून के विरुद्ध धरना और आंदोलन को देखा। गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर दिल्ली की सड़कों पर ऐसे दौड़ रहे थे मानो हथियारबंद गाड़ियां हों। लाल किले पर चढ़कर जैसा हुड़दंग हुआ, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। पुलिसकर्मी धक्के देकर गिराए गए और वे घायल होकर अस्पताल में पड़े रहे। इसी तरह अग्निवीर योजना के विरुद्ध प्रदर्शनों में हमने भयानक हिंसा देखी। इसमें नेताओं के घरों पर हमले हुए। ट्रेन, स्टेशन थाने तक जले। स्पष्ट भारत विरोधी, विभाजनकारी, एकता - अखंडता तोड़ने वाले और कई बार मजहबी दृष्टि से सांप्रदायिक और अतिवादी वक्तव्य और नारे हुए। उनमें ज्यादातर के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई और पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे बढ़ाने की कोशिश की तो मामले वापस ले लिए गए। इस कारण ऐसे तत्वों का हौसला बढ़ा। आप देखिए, भारत को तोड़ने की बात करने वाले शर्जिल इमाम के पक्ष में कितनी बड़ी संख्या में लोग खड़े होते हैं और न्यायालय में बड़े-बड़े वकील उनका मुकदमा लड़ते हैं। अगर हिंसा शाहिद अवांछित वक्तव्य और घटनाएं धरना-प्रदर्शन या आंदोलन की स्थायी प्रवृत्ति होती जा रही है तो इसका निदान हर हाल में तलाशा जाना चाहिए। यह न्यायालय के साथ विधायिका, राजनीतिक दलों, एनजीओ, एक्टिवसिस्टों, सामाजिक -सांस्कृतिक संगठनों और विवेकशील व्यक्तियों के समूहों का सम्मिलित दायित्व है। इसका लाभ देश विरोधी शक्तियां उठाती हैं।

सरकारी तंत्र में एक बार कोई अपराध या भ्रष्टाचार हुआ, भविष्य में नहीं होगा इसकी कोई गारंटी नहीं दे सकता। इसलिए कोई प्रणाली भी समय निरपेक्ष नहीं हो सकती। आवश्यकता समय अनुरूप उसमें परिवर्तन संशोधन की होती है। इस मायने में उच्चतम न्यायालय का यह कथन दूरदर्शितापूर्ण है कि बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन होने पर तुरंत कार्रवाई करने में सक्षम एक स्थायी व्यवस्था की जरूरत हो सकती है। शायद हमें एक ऐसी व्यवस्था की जरूरत है ताकि जब भी कोई आपातकालीन स्थिति पैदा हो तो उस व्यवस्था को तुरंत लागू किया जा सके।

मंथन
सोनम लववंशी



# शब्दों का पतन और समाज का मौन संकट

किसी भी सभ्यता की ऊंचाई उसकी गगनचुंबी इमारतों, चौड़ी सड़कों या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं आंकी जाती। उसका वास्तविक परिचय उसकी भाषा से मिलता है। शब्द केवल विचार व्यक्त करने का माध्यम नहीं होते, वे समाज के संस्कार, नैतिकता और सांस्कृतिक चेतना के जीवंत दस्तावेज होते हैं। इसलिए जब सार्वजनिक आंदोलनों में गाली-गलौज सामान्य अभिव्यक्ति का रूप लेने लगे, तब संकट केवल भाषा का नहीं रहता; वह समाज की सामूहिक चेतना और नैतिक विवेक के क्षरण का संकेत बन जाता है। हाल के दिनों में सीजेपी आंदोलन से जुड़े कुछ वायरल वीडियो व्यापक चर्चा का विषय बने। इन वीडियो में कुछ युवतियां विरोध प्रदर्शन के दौरान अत्यंत अशोभनीय और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करती दिखाई दीं। लोगों को केवल अभद्र शब्दों ने नहीं चौंकाया, बल्कि इस तथ्य ने भी विचलित किया कि उस भाषा को निर्भीकता, प्रतिरोध और आधुनिकता की पहचान के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार संविधान प्रदत्त है। असहमति किसी भी जीवंत लोकतंत्र की प्राणवायु है। प्रश्न केवल इतना है कि क्या गाली किसी आंदोलन को अधिक वैध, प्रभावशाली या नैतिक बना देती है? वास्तविक समस्या किसी एक आंदोलन, किसी एक समूह अथवा कुछ युवतियों तक सीमित नहीं है। यह हमारे समय की उस बदलती मानसिकता का प्रतिबिंब है, जिसमें शालीनता को संकोच, संयम को कमजोरी और अभद्रता को साहस का पर्याय मान लिया गया है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को अभूतपूर्व गति दी है। जितनी अधिक उत्तेजक भाषा, उतनी अधिक दृश्यता; जितना अधिक विवाद, उतनी अधिक लोकप्रियता। परिणामस्वरूप विचारों की गंभीरता पीछे छूटती जा रही है और सनसनी सार्वजनिक संवाद का नया मानक बनती जा रही है। भारतीय समाज में नारी को केवल जैविक या सामाजिक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि संवेदनशील सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक के रूप में भी देखा गया है। इस दृष्टि का अर्थ महिलाओं पर अतिरिक्त नैतिक बोझ डालना नहीं है। सार्वजनिक जीवन में गरिमा, शिष्टता और उत्तरदायित्व की अपेक्षा प्रत्येक नागरिक से समान रूप से की जाती है। यदि कोई पुरुष सार्वजनिक मंच से अपशब्द कहता है, तो वह भी उतना ही अनुचित है। यदि कोई महिला वही करती है, तब भी उसका आचरण समान रूप से अस्वीकार्य है। नैतिकता का संबंध लिंग से नहीं, चरित्र और व्यवहार से होता है। सबसे अधिक चिंता इस बात की है कि आज गाली को 'बोल्डनेस', 'फिल्टरलेस अभिव्यक्ति' और 'रॉ ऑथेंटिसिटी' जैसी आकर्षक संज्ञाओं से वैधता प्रदान की जा रही है। युवाओं का एक वर्ग यह मानने लगा है कि जितनी अधिक आक्रामक भाषा होगी, उतनी ही अधिक सामाजिक स्वीकृति और डिजिटल लोकप्रियता मिलेगी। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की संवाद पर आधारित संस्कृति को भीतर से कमजोर करती है। इतिहास बताता है कि सबसे प्रभावशाली आंदोलनों ने अपनी शक्ति शोर से नहीं, नैतिक ऊंचाई से अर्जित की है। महात्मा गांधी ने साम्राज्यवादी सत्ता को चुनौती दी, फिर भी उनकी भाषा में मर्यादा बनी रही। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था की कठोर आलोचना की, फिर भी उनके शब्द तर्क, तथ्य और संवैधानिक गरिमा से परिपूर्ण रहे। उनके विचार आज भी इसलिए प्रासंगिक हैं क्योंकि उनमें क्षणिक उत्तेजना नहीं, बल्कि स्थायी बौद्धिक शक्ति निहित है। इतिहास ने सिद्ध किया है कि अपशब्द क्षणिक ताली तो बटोर सकते हैं, स्थायी सम्मान कभी नहीं। भाषा का यह अवमूल्यन केवल जेन-जी की समस्या नहीं है। सार्वजनिक जीवन का संपूर्ण वातावरण इसके लिए उत्तरदायी है। राजनीति में व्यक्तिगत कटाक्ष, टेलीविजन बहसों का शोर, सोशल मीडिया की ट्रोल संस्कृति और मनोरंजन जगत में सनसनी की बढ़ती प्रवृत्ति ने संवाद की गरिमा को निरंतर क्षीण किया है। नई पीढ़ी वही सीखती है, जो वह अपने सामाजिक परिवेश में देखती और सुनती है। जब सार्वजनिक विमर्श में संयम की जगह आक्रामकता प्रतिष्ठित होने लगे, तब युवाओं से शिष्ट भाषा की अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं माना जा सकता।

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का महत्व



संकलित
दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशान थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शिक्षा व्यवस्था में बदलावों की जरूरत

पेपर लीक विरोधी संशोधन विधेयक का लोकसभा से पारित होना देश के करोड़ों युवाओं के लिए राहत की खबर है। राज्यसभा से भी इसके पारित होने की पूरी संभावना है। यह कानून पेपर लीक कराने वाले गिरोहों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त करेगा, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि केवल कड़े कानून किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होते। जब तक शिक्षा और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार नहीं होंगे, तब तक पेपर लीक माफिया नए रास्ते खोजते रहेंगे। आज देश में लगभग हर बड़ी भर्ती या प्रवेश परीक्षा किसी न किसी विवाद का सामना कर चुकी है। पेपर लीक के कारण लाखों ईमानदार अभ्यर्थियों की वर्षों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। परीक्षा रद्द होने से सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है, जबकि युवाओं में व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। - सुषमा राजपूत, सोनीपत

## ट्रेंड

### देश का मान बढ़ाया



सीमा को महिला डिस्कस थ्रो इवेंट में 58.65 मीटर के बेहतरीन थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बधाई। उनकी कोशिशों ने भारत का मान बढ़ाया है और देश के युवाओं को प्रेरित किया है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### एनर्जी सिक्योरिटी



ई 20 की सफलता सिर्फ फ्यूल ब्लेंडिंग की कहानी नहीं है, बल्कि यह पॉलिसी, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्री के तालमेल से की गई बरसों की सुनियोजित तैयारी का नतीजा है। यह पहल भारत की एनर्जी सिक्योरिटी को मजबूती दे रही है।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

### भारत का भविष्य



पीएम मोदी और अमित शाह- आप जेन-जेड को डरा-धमकाकर चुप नही करा सकते। पहले आपने उनकी हड्डिया तोड़ी। अब आप एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। आप भारत के भविष्य के साथ कैसा बर्ताव करते है, इसे लेकर सावधान रहें।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### किसान सम्मान निधि योजना



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के विस्तार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी करोड़ों किसानों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सीधे सहायता राशि पहुंचाना पारदर्शी और किसान-केंद्रित सुशासन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।
- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

## करंट अफेयर

### संरा महासचिव पद की दौड़ में ग्रिनस्पैन सबसे आगे

कोस्टा रिका की पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पैन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुए पहले अनौपचारिक मतदान में सबसे अधिक समर्थन हासिल कर एंतोनियो गुतारेस के बाद संयुक्त राष्ट्र की अगली महासचिव बनने की दौड़ में सबसे अग्रणी उम्मीदवार के तौर पर उभरी हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों ने बृहस्पतिवार को बंद कमरे में पहला अनौपचारिक मतदान किया। इस दौरान सदस्य देशों ने दुनिया के इस शीर्ष राजनयिक पद के उम्मीदवारों के प्रति अपना रुख बताने के लिए गैर-बाध्यकारी वोट डाले।



## ऑफ बीट

### आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण।



## संक्षेप

### सर्पदंश से 6 की मौत पर 24 लाख का मुआवजा

**प्रशासन ने 72 घंटे में दी मदद, अस्पतालों में पर्याप्त एंटी वेनम उपलब्ध**

अमेठी, जिले में बरसात के साथ सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इस साल सांप काटने से जान गंवाने वाले 6 लोगों के परिवारों को प्रशासन ने 72 घंटे के भीतर 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है, जिससे कुल 24 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों में एंटी स्नेक वेनम का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया है। सीएमओ और डीएम ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश होने पर झाड़-फूंक में समय बर्बाद न करें और तुरंत अस्पताल पहुंचें। बरसात के कारण बिलों में पानी भरने से सांप रिहायशी इलाकों तक पहुंच रहे हैं, जिससे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ी हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सर्पदंश से मौत होने पर पोस्टमार्टम और आवश्यक कागजात पूरे करने पर राज्य सरकार 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देती है। इस साल अब तक सर्पदंश से मृत 6 लोगों के परिजनों को कुल 24 लाख रुपये की मदद दी जा चुकी है। सभी लाभार्थियों को 48 से 72 घंटे के भीतर यह राशि उनके बैंक खातों में प्राप्त हुई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. बद्री प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि जिला अस्पताल में 100 वायल, प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर 50 वायल और प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर 20 वायल एंटी स्नेक वेनम का स्टॉक उपलब्ध है। जनवरी से अब तक जिला अस्पताल में सर्पदंश के कुल 27 मरीज आए। इनमें से 5 गंभीर मरीजों को उच्च रेफर किया गया, जबकि बाकी सभी मरीज उपचार के बाद ठीक होकर घर लौट गए। जिला अस्पताल में सर्पदंश से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। वर्तमान में जगदीशपुर की दो महिलाएं, सुशीला और ज्ञानश्री, जिन्हें सांप ने काटा था, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। सीएमओ ने लोगों को सलाह दी है कि वे घबराएं नहीं, घाव पर चीरा न लगाएं और झाड़-फूंक में समय बर्बाद न करें। उन्होंने जूते पहनने, टॉर्च रखने और तुरंत सरकारी अस्पताल जाने की अपील की, जहां इलाज पूरी तरह निशुल्क है।

### सफाईकर्मियों की मनमानी

**गांवों में गंदगी का अंबार, शिकायत पर अधिकारियों से अभद्रता, संचारी रोग का खतरा बढ़ा**

अमेठी , जिले में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आरोप है कि सफाई कर्मचारियों की मनमानी के कारण गांवों में कचरे के ढेर लगे हैं। काम न करने और शिकायत करने पर ये कर्मचारी अधिकारियों से अभद्रता तक करते हैं। भेटुआ ब्लॉक के गैरिकपुर गांव का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सफाईकर्मी काम के बजाय खड़े नजर आ रहे हैं। बारिश के मौसम में जब गंदगी से बीमारियां फैलने का खतरा सबसे अधिक होता है तब सफाई व्यवस्था की यह लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। ग्राम सभाओं की सफाई की जिम्मेदारी सफाई कर्मचारियों की है, लेकिन उनकी मनमानी के चलते गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। भेटुआ ब्लॉक की गैरिकपुर ग्रामसभा में तैनात सफाईकर्मी विजय सेन और मनोराम यादव पर काम न करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

## बहराइच पुलिस का ऑपरेशन क्लीन जारी, शातिर अपराधियों की अब खैर नहीं

### थाना रानीपुर पुलिस की कार्रवाई से अपराध जगत में हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

विनोद जायसवाल




बहराइच। जनपद बहराइच में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रानीपुर पुलिस ने एक बार फिर अपने दमदार पुलिसिंग का परिचय देते हुए नकबजनी के मुकदमे में वांछित एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में जहां आमजन ने राहत की सांस ली है, वहीं अपराधियों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के प्रभावी पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी हरेंद्र नाथ राय के मजबूत नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शातिर अभियुक्त आकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से लगभग एक लाख रुपये मूल्य के चोरी के जेवरात एवं ?1570 नकद बरामद किए थाना प्रभारी हरेंद्र नाथ राय की कार्यशैली की हर तरफ चर्चा थाना रानीपुर की कमान संभालने के बाद से थाना प्रभारी हरेंद्र नाथ राय लगातार अपराधियों के खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाए हुए हैं। दिन-रात क्षेत्र में गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी, मुखबिर तंत्र को मजबूत करना और अपराधियों पर लगातार दबाव बनाए रखने का परिणाम अब लगातार सामने आ रहा है। चोरी, नकबजनी और अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल अपराधियों पर पुलिस लगातार शिकंजा कस रही है पत्रकारों से बातचीत में थाना प्रभारी हरेंद्र नाथ राय ने कही बड़ी बात मीडिया से बातचीत करते हुए थाना प्रभारी हरेंद्र नाथ राय ने कहा कि थाना रानीपुर पुलिस अपराधियों के खिलाफ पूरी गंभीरता और दृढ़ संकल्प के साथ अभियान चला रही है। चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो 24 घंटे सक्रिय रहकर क्षेत्र में गश्त कर रही हैं। मुखबिर तंत्र को और अधिक मजबूत किया गया है तथा हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है उन्होंने कहा कि अब अपराधियों के लिए थाना रानीपुर क्षेत्र सुरक्षित ठिकाना नहीं रहा। चोरी करने वाले चाहे कितने भी शातिर क्यों न हों, उन्हें कानून के शिकंजे से बचने नहीं दिया जाएगा। हर अपराधी को चिन्हित कर गिरफ्तार किया जाएगा और उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी आम जनता में बढ़ा पुलिस पर भरोसा लगातार हो रही प्रभावी पुलिस कार्रवाई से क्षेत्र की जनता में सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता के कारण अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं और कानून व्यवस्था पहले से अधिक सुदृढ़ दिखाई दे रही है बहराइच पुलिस का संदेश साफ है अपराध चाहे कितना भी बड़ा हो, अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, कानून के लंबे हाथों से बचना अब संभव नहीं। अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी पूरी सख्ती और निरंतरता के साथ जारी रहेगा।

## भारत-नेपाल सीमा पर दो संदिग्धों से 23.30 लाख रुपये नेपाली मुद्रा बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र रुपईडीहा में स्थानीय पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से 23,30,150 रुपये नेपाली मुद्रा बरामद की है। मामले में बरामद नेपाली मुद्रा के स्रोत और उसके उपयोग की जांच संबंधित एजेंसियों द्वारा की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार थाना रुपईडीहा पुलिस द्वारा कस्बा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच और पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने उमाशंकर तिवारी पुत्र भगौली प्रसाद तिवारी निवासी सिंघानिया मिल, कस्बा एवं थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच तथा संजय अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय संतराम अग्रवाल निवासी बीएसएनएल टावर, विकोनिया, जनपद लखीमपुर खीरी को रोककर पूछताछ की। तलाशी के दौरान दोनों के पास मौजूद एक कपड़े के झोले से प्लास्टिक की काली पन्नी में रखी बड़ी मात्रा में नेपाली मुद्रा बरामद हुई। बरामदगी में 1000 रुपये नेपाली मूल्यवर्ग के 20 बंडल एवं 79 अतिरिक्त नोट, 500 रुपये नेपाली मूल्यवर्ग के 5 बंडल तथा 100 और 50 रुपये नेपाली मूल्यवर्ग के नोट शामिल हैं। बरामद नेपाली मुद्रा का कुल मूल्य 23,30,150 रुपये है। बरामद मुद्रा को नियमानुसार कब्जे में लेकर सुरक्षित कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्ति उक्त धनराशि के स्रोत, परिवहन के उद्देश्य अथवा उससे संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके और न ही संतोषजनक स्पष्टीकरण दे पाए। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। फिलहाल बरामद नेपाली मुद्रा की जांच संबंधित एजेंसियों द्वारा की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि धन का स्रोत क्या है और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जितेश कुमार सिंह, आरक्षी मनोज कुमार वर्मा तथा आरक्षी सुभेन्द्र चौहान शामिल रहे।

## 5 लाख की स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर रुपईडीहा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने 25 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई गई है।प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार थाना रुपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने रविवार की रात्रि गश्त के दौरान नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन के पास भारत-नेपाल सीमा स्थित पिलर संख्या 651/2 के निकट कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अरशद कुरैशी पुत्र मुस्तफा कुरैशी, निवासी चिकवन मोहल्ला, मुनीरगंज भट्ठा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच, उम्र लगभग 25 वर्ष के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 25 ग्राम अवैध स्मैक तथा एक रियलमी एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना रुपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक सूर्यभान, आरक्षी अभिषेक राय, आरक्षी मनोज कुमार वर्मा, आरक्षी जयचन्द्र गौड़ तथा एसएसबी एफ-कंपनी 42वीं बटालियन, नानपारा के एसआई/जीडी देवेंद्र सिंह, सीटी/जीडी शुभम पटेल, सीटी/जीडी सुखबीर सिंह एवं डॉग हैंडलर सीटी/जीडी फारुख (डॉग रैंको-679 सहित) शामिल रहे।बरामदगी के आधार पर थाना रुपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय बहराइच भेज दिया गया।

## सपा नेता डॉ संतोष वर्मा ने फल वितरण कर शिव भक्तों का किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर जनपद बहराइच की 283 विधानसभा नानपारा के बढ़ैया कला चौराहे पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं संभावित विधानसभा प्रत्याशी डॉ. संतोष वर्मा ने बाबा बुढेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए जा रहे समस्त श्रद्धालु शिवभक्तों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को फल वितरित कर सेवा, सद्भाव और मानवता का संदेश दिया। श्रावण मास में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों की ओर प्रस्थान करते हैं। इसी क्रम में बढ़ैया कला चौराहे पर आयोजित सेवा कार्यक्रम में डॉ. संतोष वर्मा ने शिवभक्तों का पुष्प एवं फल देकर स्वागत किया। डॉ. संतोष वर्मा ने कहा कि श्रावण मास केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, सहयोग और मानवता का भी संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और धार्मिक अवसरों पर जनसेवा की परंपरा को सशक्त बनाते हैं। फल वितरण के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर डॉ. संतोष वर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि जनसेवा ही उनका सर्वोच्च उद्देश्य है और भविष्य में भी वे समाजहित एवं जनकल्याण के कार्यों में इसी प्रकार निरंतर सहभागी बने रहेंगे।

## सावन के प्रथम सोमवार को बाबा बूढ़ेश्वर नाथ में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**शिव मंदिरों में शिव भक्तों का दिखा सैलाब**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा के अंतर्गत रामपुर धोबिया हार में स्थित शिव मंदिर बाबा बूढ़ेश्वर नाथ धाम बुढ़वा बाबा में शिव भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला यहां हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर शिवलिंग पर दूध भांग मदार धतूरा आदि चढ़कर पूजा अर्चना की। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से थाना खैरीघाट की पुलिस मुस्तैद रही। सावन का पावन महीना भगवान शिव का विशेष महीना माना जाता है इसमें शिव भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं इस दौरान शिवालयों में नदियों सरोवरों से जल भरकर कांवरिया पैदल यात्रा करते हुए जलाभिषेक को जाते हैं। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में स्थित गिरजापुरी बैराज से हजारों की संख्या में जल भरकर शिव भक्त पैदल पचासी किलोमीटर की यात्रा करते सोमवार बुढ़वा बाबा मंदिर पहुंचे और सुबह से ही जलाभिषेक में जुट गए इस दौरान शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली ।आपको बताते चले बुढ़वा बाबा में जलाभिषेक के लिए बहराइच लखीमपुर सीतापुर श्रावस्ती गोंडा बलरामपुर सहित पड़ोसी देश नेपाल के श्रद्धालु आते हैं मान्यता है कि यहां पर जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बुढ़वा बाबा में पूरे महीने सावन में मेले जैसा माहौल रहता और हजारों की संख्या में प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं जलाभिषेक के लिए आते हैं वहीं सोमवार को विशेष जलाभिषेक का कार्यक्रम होता है।

## बाबागंज में मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बाबागंज कार्यालय पर सीतापुर आंख अस्पताल एवं बहराइच के चिकित्सकों के सहयोग से निःशुल्क नेत्र, दांत तथा कान, नाक एवं गला (ईएनटी) जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह एवं एसपी सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में सीतापुर आंख अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने ग्रामीणों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। वहीं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह तथा ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. वशिष्ठ ने भी मरीजों का परीक्षण किया।

शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। जिन मरीजों में ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई, उनका पंजीकरण कर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए सीतापुर आंख अस्पताल भेजा गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत उपयोगी हैं और समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। एसपी सिंह ने इसे समाजसेवा की दिशा में सराहनीय पहल बताया। दुर्गेश वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से लगातार जनहित में ऐसे शिविर आयोजित करता आ रहा है। कार्यक्रम में छेदा खां, बद्री सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, विशेष, महेश, केशव राम, दुर्गेश वर्मा, शाहिद (पत्रकार) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन पर सभी ने मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सीतापुर आंख अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त किया

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय के रसोईघर का ताला तोड़कर सिलेंडर व गैस चूल्हा चोरी



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के ग्राम भकला स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को चोरी की घटना सामने आई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के अनुसार सुबह विद्यालय पहुंचने पर रसोईघर का ताला टूटा मिला। अंदर रखे गैस सिलेंडर व गैस चूल्हा गायब थे, जबकि अन्य सामान यथावत मिला।घटना की सूचना तत्काल फखरपुर पुलिस को दी गई। विद्यालय प्रशासन ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## आर एस इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। टीजीटी मे चयनित प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन हेतु आर एस इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक अरविंद गुप्ता एवं मेधावी छात्र अभय शर्मा को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा घोषित टी जी टी परीक्षा परिणाम में सहायक अध्यापक पद पर चयन होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक रिजवान अहमद ने दोनों मेधावियों का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जो बच्चे निरंतर परिश्रम एवं प्रयास करते हैं उन्हें एक दिन सफलता जरूर मिलती है, ऐसे बच्चे समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत होते हैं। कार्यक्रम में चयनित छात्र अभय शर्मा के पिता वरिष्ठ अध्यापक अशोक शर्मा का भी शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, उप प्रधानाचार्य अंजू बाजपेई एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## मोटराइज्ड ट्राई-साइकिल वितरण हेतु परीक्षण शिविर में 57 दिव्यांगजनों का हुआ पंजीकरण

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। दिव्यांगजनों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में मोटराइज्ड ट्राई-साइकिल वितरण के लिए परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड परिसर मिहीपुरवा में आयोजित परीक्षण शिविर में 57 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया। शिविर में पात्र दिव्यांगजनों के दस्तावेजों का सत्यापन, दिव्यांगता का परीक्षण तथा मोटराइज्ड ट्राई-साइकिल प्रदान किए जाने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि जनपद में 03 अगस्त से 08 अगस्त 2026 तक चिन्हित विकासखंड परिसरों में विशेष परीक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें मोटराइज्ड ट्राई-साइकिल उपलब्ध कराना है। इससे दिव्यांगजन अपने दैनिक कार्यों, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों के लिए अधिक सहजता से आवागमन कर सकेंगे तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़ने में उन्हें सहायता मिलेगी।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक विकासखंड में निर्धारित तिथियों पर परीक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंनें जानकारी दी कि 04 अगस्त 2026 को विकासखंड परिसर बलहा में परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। पात्र दिव्यांगजनों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने आवश्यक अभिलेखों के साथ शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण एवं परीक्षण कराएं, ताकि शासन की इस जनकल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उन्हें प्राप्त हो सके।

## नेपालगंज में 578.550 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। नेपाल पुलिस के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो शाखा कार्यालय, नेपालगंज ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 578.550 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नेपाल पुलिस के अनुसार सोमवार को नेपालगंज उपमहानगरपालिका-4 में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपियों को 153.950 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद मुख्य आरोपी के घर की तलाशी ली गई, जहां कमरे में दराज के भीतर छिपाकर रखी गई 425 ग्राम अतिरिक्त स्मैक भी बरामद हुई। इस प्रकार कुल 578.550 ग्राम स्मैक सहित 1 डिजिटल तराजू, 2 मोबाइल फोन, नेपाली मुद्रा 1,80,000 रुपये, भारतीय मुद्रा 2,24,000 रुपये पुलिस ने बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुशील भण्डारी (30 वर्ष), निवासी नेपालगंज-4, बांके तथा अरुण कुमार जायसवाल (55 वर्ष), निवासी नेपालगंज-10, बांके के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई एवं विस्तृत जांच के लिए जिला पुलिस कार्यालय, बांके के हवाले कर दिया है।

## मंडलीय शतरंज प्रतियोगिता में जनपद बहराइच के ग्रैंड मास्टरों का जलवा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सोमवार को एचआर इंटर कॉलेज उतरौला जनपद बलरामपुर में मंडलीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें मंडल के 3 जनपदों (गोंडा, बलरामपुर, बहराइच) ने प्रतिभा किया जिसमें जनपद बहराइच ने फाइनल में अंडर 17 बालक वर्ग में जनपद बलरामपुर को 03/02 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं अंडर 14 वर्ग एवं अंडर 17 बालिका वर्ग ने बलरामपुर को 4/0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

टीम मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें से विशेष प्रदर्शन राजकीय इंटर कालेज बहराइच के मोहम्मद अमन का रहा। अमन ने पहले ही राउंड में पिछली बार के नेशनल प्लेयर को हराकर सबको अचंभित कर दिया। आयोजक विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रदेशीय प्रतियोगिता में विजयी होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी एवं सभी जनपदों के खेल शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान आयोजक विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, सभी जनपदों के खेल शिक्षक, क्रीड़ा सचिव बलराम पुर, टीम कोच वेद कुमारी एवं टीम मैनेजर सुनील कुमार मौजूद रहे।

## संक्षेप

### 3 बच्चे लापता, परिजनों ने पुलिस पर लगाए आरोप

**गुमशुदगी दर्ज न करने का आरोप, एक बच्चा मिला, दो की तलाश जारी**

बागपत , जिले में तीन बच्चों के लापता होने का मामला सामने आया है। इनमें से एक बच्चे को बरामद कर लिया गया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। परिजनों ने पुलिस पर शुरूआत में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाया है। यह घटना 21 जून 2026 को दोपहर करीब 12 बजे की है। लुहारी गांव निवासी परिवार के तीन बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। काफी देर तक उनके वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। उन्होंने बच्चों को आसपास और रिश्तेदारों के यहां ढूंढा, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। परिवार का आरोप है कि घटना की जानकारी देने के लिए कोतवाली पहुंचने के बाद भी पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उन्होंने लिखित शिकायत देकर बच्चों की गुमशुदगी दर्ज करने और जल्द से जल्द उनकी तलाश शुरू कराने की मांग की। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि लापता हुए तीन बच्चों में से एक को बरामद कर लिया गया है। शेष दो बच्चों की तलाश के लिए अभियान जारी है। परिवार ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज की जाए। उनकी प्राथमिकता शेष बच्चों की सुरक्षित बरामदगी है, ताकि उन्हें सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया जा सके।

### कांवड़ यात्रा पर बागपत पुलिस हाई अलर्ट

**आधी रात दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर उतरे अफसर, ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था परखी**

बागपत ,कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान और सीओ सुकन्या शर्मा ने दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रमुख कट और बैरियरों का जायजा लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बेरी गेट, मवीकला कट और टटीरी कट पर पहुंचकर ट्रैफिक संचालन का जायजा लिया। उन्होंने यातायात पुलिस और अन्य ड्यूटी कर्मियों को कांवड़ियों की आवाजाही के दौरान मार्ग सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी स्थिति से तत्काल निपटने के निर्देश दिए। लाखों शिवभक्तों की आवाजाही, पुलिस के सामने बड़ी चुनौती हरियाणा समेत विभिन्न राज्यों से लाखों शिवभक्त बागपत के रास्ते हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस के सामने यातायात को सुचारु रखना, जरूरत पड़ने पर रूट डायवर्जन लागू करना और आम वाहन चालकों को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराना बड़ी जिम्मेदारी है। सीसीटीवी और ड्रोन से रखी जा रही नजर जनपद में कांवड़ यात्रा फिलहाल शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है। पुलिस अधिकारी लगातार संवेदनशील स्थानों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। मार्गों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए भी की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। प्रमुख शिवालयों की सुरक्षा भी बढ़ाई गई श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जलाभिषेक को देखते हुए बागपत के प्रमुख शिव मंदिरों में भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**प्रयागराज में सुबह से जलाभिषेक हो रहा, कांवड़ियों के लिए वाराणसी हाईवे का एक लेन रिजर्व**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , सावन के पहले सोमवार पर सुबह से ही आस्था का रंग देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं। सुबह से ही मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर पहुंच रहे हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैंदशाश्वमेध घाट पर कांवड़ियों का जत्था, गंगाजल लेकर रवान सावन के पहले सोमवार को दशाश्वमेध घाट पर सुबह से ही कांवड़ियों की भीड़ पहुंच रही है। कांवड़िए गंगा में स्नान करने के बाद कलश और कांवड़ में जल भर रहे हैं। इसके बाद अलग-अलग शिवालयों और वाराणसी के लिए रवाना हो रहे हैं। घाट पर लगातार कांवड़ियों के पहुंचने और वापस जाने का सिलसिला जारी है।

### मनकामेश्वर समेत प्रमुख शिवालयों में लगी कतार

प्रयागराज के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई है।मनकामेश्वर मंदिर, गंगेश्वर मंदिर, नागवासुकी मंदिर और सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर समेत शहर के अलग-अलग शिवालयों में श्रद्धालु जल लेकर पहुंच रहे हैं। मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की कतार लगी हुई है।

# हाईकोर्ट जस्टिस बोले- हिंदी मां, अंग्रेजी विलायती मौसी

**गौतम चौधरी ने 37,000 फैसले हिंदी में सुनाए**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,हिंदी मेरी मां है, अंग्रेजी विलायती मौसी ।इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम चौधरी यह बयान देकर भारतीय न्याय व्यवस्था में मातृभाषा के सम्मान की मजबूत वकालत कर रहे हैं। जस्टिस चौधरी अब तक 37,000 से अधिक फैसले और आदेश हिंदी में लिख चुके हैं। उनका कहना है कि भाषा सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, सोच और पहचान का आधार है।

सवालः सुप्रीम कोर्ट से लेकर जिला अदालतों तक हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व दिखाई देता है।लेकिन आप हिंदी में ही पूरी प्रक्रिया का पालन करते हैं। क्या कारण है?

जवाबः सुप्रीम कोर्ट में यह सच है कि अंग्रेजी का प्रभाव बहुत ज्यादा है और वहां बहस से लेकर लिखा-पढ़ी तक सब अंग्रेजी में होता है। लेकिन निचली अदालतों (जिला न्यायालयों) में ऐसा नहीं है। वहां लगभग 90% काम हिंदी में ही होता है। बहस और फैसले भी हिंदी में आते हैं। जहां तक हाई कोर्ट की बात है, तो यहां भी कई लोग हिंदी-अंग्रेजी मिश्रित भाषा में बहस करते हैं और हिंदी में दाखिल की जाने वाली याचिकाएं (पिटीशन) भी स्वीकार की जाती हैं।

सवालः आप विशेष रूप से अपने फैसलों को हिंदी में देने के लिए मशहूर हैं। आपने हिंदी का ही चुनाव क्यों किया?

जवाबः केवल हिंदी में ही फैसले नहीं करता, बल्कि हिंदी में 'भी' करता हूं। इसकी प्रेरणा मुझे मेरे परिवार और मेरे पिताजी से मिली है। मेरा मानना है कि दुनिया से संपर्क बनाने के लिए आप अंग्रेजी का सहारा ले सकते हैं, लेकिन अगर आपको भारत को समझना है, यहां की जनता और नागरिकों को समझना है, तो हिंदी को जानना बेहद जरूरी है। जो हिंदी नहीं समझते, वे भारत को भी पूरी तरह नहीं समझ सकते।

सवालः अब तक आपने कितने मामलों में हिंदी में फैसले या आदेश दिए हैं?

जवाबः एनआईसी द्वारा कुछ समय पहले दिए गए डेटा के अनुसार, मैंने अब तक लगभग 37,000 फैसले और आदेश हिंदी में पारित किए हैं।

# फैमिली कोर्ट से लौट रही गर्भवती को सड़क पर पीटा

**पति पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप, दोनों पक्ष थाने पहुंचे**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,परिवार न्यायालय से लौट रही आठ माह की गर्भवती महिला के साथ डीएम आवास के सामने कथित मारपीट का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उसके पति ने वैवाहिक विवाद का मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया और इंकार करने पर सड़क पर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर महिला को बचाया। इसके बाद दोनों पक्ष सिविल लाइंस थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुनवाई के बाद रास्ते में रोका

फलावदा निवासी कामिनी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी मुजफ्फरनगर के जड़ौदा निवासी मनीष से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति उसे प्रताड़ित करता था और मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इसी के चलते उसने परिवार न्यायालय में वैवाहिक विवाद का मुकदमा दायर किया था। शनिवार को वह उसी मामले की सुनवाई के लिए मेरठ आई थी।

### 'केस वापस लो', मना करने पर मारपीट का आरोप

महिला का आरोप है कि सुनवाई के बाद पति ने रास्ते में उसे रोककर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। जब उसने इनकार किया तो डीएम आवास के सामने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। शोर सुनकर राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर महिला को बचाया।पति ने भी लगाया मारपीट का आरोपदूसरी ओर, आरोपी पति मनीष ने भी सिविल लाइंस थाने में पत्नी के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

# फर्जी पुलिस-चौकी, वर्दी पहनकर बैठते थे

**कमरे में अंबेडकर-गांधी की तस्वीरें; फोन पर लड़की बनकर लोगों को फंसाते थे**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , थाने से सिर्फ 3 किमी की दूरी पर फर्जी पुलिस चौकी चलाकर लोगों को ब्लैकमेल किया जाता था। पुलिस ने गैंग के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 2 अभी फरार हैं। गैंग से जुड़े लोग पहले लड़की बनकर लोगों से अश्लील चैट और बातें करते थे। इसके बाद उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देते थे। फिर फर्जी पुलिस चौकी में बुलाकर उनसे रुपए वसूले जाते थे। एक युवक की शिकायत के बाद पुलिस ने सुबह 11:30 बजे छापेमारी की। कमरे में फर्जी पुलिस चौकी का पूरा सेटअप मिला। हालांकि, एसपी सिटी विनायक गोपाल भोंसले का कहना है कि फर्जी पुलिस चौकी चलाने की बात सही नहीं है। आरोपी पहले प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे, लेकिन नुकसान होने के बाद जल्दी पैसा कमाने के लिए हनी ट्रैप का तरीका अपनाया। अगर कोई व्यक्ति आसानी से उनके झांसे में नहीं आता था, तो वो खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसे डराते थे। इसके बाद उससे रुपए वसूलते थे। मामला ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र का है।

### 31 जुलाई को युवक ने की थी शिकायत

एसपी सिटी विनायक गोपाल भोंसले ने बताया- ब्रह्मपुरी थाने में 31 जुलाई को नीरज नाम का एक युवक शिकायत लेकर पहुंचा था। उसने बताया कि चौकी के पुलिसवाले मुझे ब्लैकमेल कर रहे हैं। हनी ट्रैप में फंसाकर उससे 10 हजार रुपए वसूल लिए। दरोगा और सिपाही ने झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर मुझसे रुपए मांगे हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। युवक ने जिस पुलिस चौकी के बारे में बताया, वहां पुलिस रिकॉर्ड में कोई चौकी ही नहीं मिली। इसके बाद ब्रह्मपुरी थाने की पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू की।

### पुलिस की वर्दी और अन्य सामान भी मिला

सुबह 11:30 बजे पुलिस ने बताए गए ठिकाने पर छापेमारी की। यहां कमरे के अंदर का नजारा देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। बिल्कुल असली पुलिस चौकी जैसा माहौल बनाया गया था। कमरे में चौकी प्रभारी के बैठने जैसी व्यवस्था थी। टेबल-कुर्सी रखी थी। इसके पीछे महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीरें लगी थीं। मौके पर मौजूद 2 नकली पुलिसवालों को गिरफ्तार कर लिया गया।

तलाशी के दौरान पुलिस को मौके से वर्दी और चौकी में इस्तेमाल होने वाला सामान मिला।

# रेलवे रोड चौराहे पर दो बाइक भिड़ी, 6 घायल

**तीन-तीन युवक दोनों बाइक पर बैठे थे; दो गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,देहलीगेट थाना क्षेत्र के रेलवे रोड चौराहे पर देर रात करीब दो बजे तेज रफ्तार और लापरवाही बड़ा हादसा बन गई। विपरीत दिशाओं से आ रही दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में दोनों वाहनों पर सवार छह युवक घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी युवक सड़क पर दूर तक जा गिरे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही देहलीगेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को संभालते हुए तत्काल एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से प्यारेलाल जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने सभी का उपचार शुरू किया। गंभीर रूप से घायल दो युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### दो बाइक पर छह युवक के सवार

पुलिस के अनुसार, बाइक संख्या पर ऋतिक, रिजवान और आदित्य सवार थे, जबकि दूसरी बाइक 1141 पर दानिश, जैद और शारिक सवार थे। रेलवे रोड चौराहे पर दोनों बाइकें टकरा गईं। हादसे में ऋतिक और दानिश को सबसे अधिक चोटें आईं, जबकि अन्य चार युवकों को भी गंभीर चोटें लगी हैं।

### हादसे की सूचना पर दौड़े परिजन

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने सभी घायलों के परिजनों को सूचना दी। देर रात ही परिजन जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। अस्पताल में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और परिजन घायलों की स्थिति जानने में जुटे रहे। रात में ही गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कुछ अपने बच्चों को प्राइवेट अस्पताल में ले गए।

# यूपी की महिला दरोगा कॉमनवेल्थ में गोल्ड जीतकर रो पड़ीं

**कहा-जहां से आती हूं, वहां इतना बड़ा सपना देखना आसान नहीं, पिता साइकिल मैकेनिक थे**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद ,दरोगा अस्मिता डे ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने जूडो में कनाडा की खिलाड़ी को मात दी। गोल्ड जीतने के बाद वह भावुक हो गईं। उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। मैं जहां से आती हूं, वहां लोग इतने बड़े सपने नहीं देखते कि कोई इस ऊंचे स्तर तक पहुंच सके। माता-पिता ने मेरा बहुत साथ दिया। हालांकि, मां खेलों के बारे में थोड़ा कम समझती हैं। जब मेरे घुटने में चोट लगी थी, तब मेरे पिता मेरे लिए दिल्ली आए, दवाइयां दिलाईं और हर चीज में मेरी मदद की। दिसंबर 2025 में ब्रेन स्ट्रोक से उनका निधन हो गया। अस्मिता डे त्रिपुरा की रहने वाली हैं। साल 2023 में स्पोर्ट्स कोटे से यूपी पुलिस में भर्ती हुई थीं। पिता साइकिल मैकेनिक थे। उन्होंने कहा, ३मैं सीएम योगी जी का धन्यवाद करना चाहती हूं, क्योंकि उन्होंने मुझे यूपी पुलिस में नौकरी दी। इस नौकरी से मुझे सहारा मिला। इसी की बदौलत मैं यहां तक पहुंची और गोल्ड मेडल जीत सकी।

### 2023 में कॉन्स्टेबल के पद पर ज्वाइन किया

गाजियाबाद के एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजकरण नेयर ने बताया- अस्मिता डे ने 28 जुलाई 2023 को गाजियाबाद में कॉन्स्टेबल के पद पर ज्वाइन किया। उन्हें पुलिस लाइन में पोस्टिंग मिली। इस दौरान अस्मिता की ट्रेनिंग भोपाल में चलती रही।

उन्होंने बताया- नेशनल में गोल्ड जीतने के बाद अस्मिता को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया और 23 मार्च 2026 को दरोगा बन गईं।शुरूआत में पिछड़ीं, फिर शानदार वापसी कीफाइनल मुकाबले की शुरूआत अस्मिता डे के लिए आसान नहीं रही। कनाडा की हेडी क्वाच ने पहले ही युको अंक हासिल कर बढ़त बना ली। अस्मिता को एक शिदो पेनल्टी भी मिली। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और शानदार वापसी करते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। निर्धारित समय तक कोई भी खिलाड़ी निर्णायक अंक नहीं बना सका, इसलिए मुकाबला गोल्डन स्कोर में पहुंच गया। यहां अस्मिता ने सही मौके पर शानदार दांव लगाया और दूसरा युको अंक हासिल कर मैच के साथ-साथ गोल्ड मेडल भी जीत लिया अस्मिता डे अभी गाजियाबाद पुलिस लाइन में दरोगा के पद पर तैनात है।800 मीटर दौड़ छोड़ जूडो चुना त्रिपुरा के बेलोनिया की रहने वाली अस्मिता डे पहले 800 मीटर दौड़ की एथलीट थीं।

# वैशाली कॉलोनी के नाले में मिले शव की पहचान हुई

**सहारनपुर के गंगोह निवासी इमरान के बेटे का निकला शव, प्रेमी पर हत्या का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,वैशाली कॉलोनी से सटे नाले में मिली छह माह के मासूम की लाश का राज पुलिस खोलने का दावा कर रही है। मासूम की पहचान समीर के रूप में हुई है जो सहारनपुर के गंगोह थाना अंतर्गत ग्राम दौलतपुर छन्नू निवासी इमरान का बेटा था। इस मामले में सहारनपुर में जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई है जो मेरठ की नौचंदी थाना पुलिस को ट्रांसफर हो गई। रात ही पुलिस ने विशाल को गिरफ्तार भी कर लिया। 13 जुलाई को वैशाली कॉलोनी से सटे नाले में एक युवक कबाड़ बीन रहा था। इसी दौरान उसकी नजर नाले के पानी में बह कर आए एक बच्चे पर पड़ी। उसने शोर मचा दिया और फिर लोगों ने मासूम के शव को नाली से बाहर निकाल लिया। मासूम के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई और पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सहारनपुर के दौलतपुर छन्नो निवासी इमरान की तरफ से गंगोह थाने में विशाल नाम के युवक के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज करायी गई। इमरान ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई को मेरठ के नाले में जो शव मिला था, वह उसके छह माह के बेटे समीर का था। एक दिन पहले ही उसकी पत्नी बेटे समीर को लेकर गंगोह गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। करीब 13 दिन बाद वह हापुड़ के मुदाफरा गांव में विशाल के घर मिली जबकि समीर वहां नहीं था।

### फोटो में देखकर शव की करी पहचान

इमरान ने पुलिस को बताया कि 29 जुलाई को उसे जानकारी मिली थी कि मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 जुलाई को एक मासूम का शव नाले में उतराता मिला था। उसे शक हुआ कि शव उसी के बेटे का था। वह मेरठ पहुंच गया और मासूम के फोटो देखें। पता चला कि वह शव वास्तव में उसी के बेटे का था। बेटे के फोटो देखकर इमरान रोने लगा।

### मेरठ के सोहराबगेट अड्डे पर मिला विशाल

इमरान ने पुलिस से शिकायत की और छानबीन शुरू हो गई। उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो चौकाने वाली जानकारी सामने आई। इमरान की पत्नी ने बताया कि 12 जुलाई की रात 11:30 बजे वह मेरठ के सोहराब गेट बस अड्डे पर उतरी। यहां विशाल उसका पहले से इंतजार कर रहा था। विशाल, इमरान की पत्नी को घर ले जाने को राजी हो गया लेकिन उसने बच्चे को साथ ले जाने से मना कर दिया। दोस्त को देकर आने की कहीं बात विशाल ने इमरान की पत्नी से उस बच्चे को अपनी गोद में ले लिया और कुछ देर के लिए अपने दोस्त के यहां छोड़कर आने की बात कही। करीब 5 मिनट बाद वह वापस आ गया। उसने इमरान की पत्नी को बताया कि वह बच्चे को अपने दोस्त के यहां छोड़ आया है।

# अखिलेश यादव के दोबारा सीएम बनने को लेकर कावड़

**नोएडा के बॉबी यादव ने उठाया 201 लीटर गंगाजल, भोलेनाथ से मांगी मन्नत**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सफार्बाद निवासी बॉबी यादव 201 लीटर गंगाजल की कांवड़ लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने निकले हैं। उनका कहना है कि उन्होंने यह कांवड़ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दोबारा उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की कामना के साथ उठाई है। सेक्टर-73 स्थित गांव सफार्बाद निवासी बॉबी यादव ने बताया कि उन्होंने भोलेनाथ से प्रदेश की खुशहाली, जनता के कल्याण और उत्तर प्रदेश के विकास की प्रार्थना की है। उनका कहना है कि उनकी मनोकामना है कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सरकार मिले।यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों और समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने बॉबी यादव का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कई स्थानों पर उनके लिए जलपान और विश्राम की व्यवस्था भी की गई।

# दिव्यांग छात्रा से बस ड्राइवर ने की छेड़छाड़

**नोएडा में मां ने कराई एफआईआर, आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल की सातवीं कक्षा की मूक-बधिर छात्रा से कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस ने स्कूल बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है। एफआईआर के मुताबिक, करीब 15 साल की छात्रा सुनने और बोलने में दिव्यांग है। उसकी मां का आरोप है कि बेटी ने इशारों में बताया कि स्कूल बस चालक सभी बच्चों के उतरने के बाद उसे बस से उतारता था और उसके साथ गलत हरकत करता था। आरोप है कि चालक ने उसे गलत तरीके से छुआ और उसका हाथ पकड़ा। परिजनों का यह भी कहना है कि अप्रैल में मेरठ में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में जाते समय भी आरोपी ने बस में छात्रा के साथ छेड़छाड़ की थी। इसके बाद नॉलेज पार्क थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी बस चालक लव कुश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों के अनुसार, छात्रा शूटिंग की खिलाड़ी है। उसने हाल ही में राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता है। इससे पहले वह राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक सहित तीन पदक अपने नाम कर चुकी है। डीसीपी रवि शंकर निम ने बताया कि मामला करीब चार महीने पुराना है।

# अमेजन-फ्लिपकार्ट के पार्सल बदलने वाला गैंग पकड़ा

**75 लाख का सामान बरामद, 5 गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों के लिए यह खबर चौंकाने वाली है। नोएडा पुलिस ने ऐसे गिरोह का खुलासा किया है, जो अमेजन और फ्लिपकार्ट के महंगे सामान डिलीवरी के दौरान बदल देता था। ग्राहक तक नकली या सस्ता सामान पहुंचता था, जबकि असली प्रोडक्ट बाजार में बेच दिया जाता था। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 75 लाख रुपए का चोरी का सामान बरामद हुआ है। दो आरोपी अभी फरार हैं। थाना सेक्टर-20 पुलिस और एसओजी ने सेक्टर-69 स्थित ए-313 पर छापेमारी कर वासिद खान, सुनील कुमार, विजय सिंह, धर्मेंद्र और रघुराज सिंह को गिरफ्तार किया। डीसीपी साद मियां खां ने बताया कि गिरोह पिछले तीन-चार महीने से वारदात कर रहा था।

### ऐसे करते थे पूरा खेल

गिरोह ने ई-कॉमर्स कंपनियों की डिलीवरी प्रक्रिया की कमजोर कड़ी को निशाना बनाया था। महंगे प्रोडक्ट डिलीवरी के लिए हब से निकलते ही कुछ डिलीवरी बॉय गिरोह के संपर्क में आ जाते थे। रास्ते में पार्सल खोलकर असली सामान निकाल लिया जाता था।

# दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर गुरसराय में कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय (झांसी)। मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर घनश्याम सिंह की जीत पर गुरसराय में कांग्रेस कार्यकताओं ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। नगर के मुख्य बाजार स्थित गोविंद जी चौराहे पर एकत्रित कांग्रेसजनों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की और जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दतिया की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया है। जिला महामंत्री चंद्रप्रकाश चौरसिया ने कहा कि जनता का भरोसा लगातार कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है। जिला महासचिव रामभरोसे पेंटर ने कहा कि युवाओं का रुझान बदलाव की ओर है और इसका असर उपचुनाव के परिणामों में स्पष्ट दिखाई दिया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। ब्लॉक अध्यक्ष बामौर वीरेंद्र सिंह यादव (वीरू) ने कहा कि दतिया की जनता का जनादेश लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य तथा सांसद बृजलाल खाबरी के सहयोग की भी सराहना की। कार्यक्रम में सचिन श्रीवास, अभिषेक चतुवेर्दी, आश्विनी पश्तोर, आजाद खान, गगन यादव, गयाप्रसाद मिस्त्री, रवि कौशल, उमाशरण गुप्ता, इकबाल खान, डॉ. ओमप्रकाश रैकवार, अजय मौर्य, रघुवीर यादव, राजीव श्रीवास्तव, राकेश अहिरवार, सुनील श्रीवास, विकास सोनी, निर्भय सोनी, जगदीश कुशवाहा, आशिक खान, हरीराम रैकवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला पुलिस खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जिले का मान

### ऑल इंडिया पुलिस खेलों में जीते कांस्य पदक

### करांटे और पेंचक सिलाट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन, पुलिस विभाग में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार




हरदोई। जनपद हरदोई में तैनात दो महिला पुलिस कर्मियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और उत्तर प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया है। 11वें ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर-2026 प्रतियोगिता में ओएससी (डरउ) हरदोई में तैनात महिला आरक्षी बबीता चौधरी और ज्योति भारद्वाज ने अपनी-अपनी स्पधाओं में कांस्य पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। महिला आरक्षी बबीता चौधरी (पीएनओ-192910037) ने कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं ज्योति भारद्वाज (पीएनओ-192352651) ने पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों महिला खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में हर्ष का माहौल है। अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को जनपद हरदोई के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। यह सफलता अन्य पुलिस कर्मियों और युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

# पचास हजार की घूस लेते पकड़ा गया संविदा कर्मी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुरे जनपद के हथगांव विकासखंड में तैनात नरेगा ऑपरेटर संविदा कर्मी हफीजुर्रहमान को एंटी करप्शन टीम प्रयागराज ने 50000 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड के गांव सुरजीपुर ग्राम प्रधान ने विभाग से आहत होकर एंटीकरप्शन टीम को सूचना दी जहां तैनात टीम की मौजूदगी में ग्राम प्रधान ने संविदा ऑपरेटर हफीजुर्रहमान के मांगने पर 50000 रुपए दिए पैसे मिलते ही एंटी करप्शन की टीम हरकत में आ गई और तत्काल संविदा कर्मी को रकम समेत धर दबोचा मौके पर मौजूद विकासखंड के एडीओ पंचायत डॉ अनुपम शर्मा तथा समाजसेवी प्रतिनिधि मनभावन शास्त्री समेत कर्मचारियों की मौजूदगी में संविदा कर्मी को गिरफ्तार किया गया जबकि सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार खंड विकास अधिकारी राहुल मिश्रा कार्यालय परिसर में मौजूद नहीं थे ग्राम प्रधान संतोष कुमार ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि उनकी ग्राम सभा के मुजरे में कराए गए अनेक कार्यों का भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा था जिसके लिए विभाग अनवरत 50000 की रिश्वत मांग रहा था आहत होकर ग्राम प्रधान ने एंटी करप्शन टीम को सूचना देकर न्याय मांगा वही कुछ क्षेत्रीय लोगों ने इस मामले पर केवल संविदा कर्मी ही नहीं अपितु अन्य अधिकारियों को भी सम्मिलित बताया लोगों ने बताया कि एक संविदा कर्मी इतनी बड़ी रकम की घूसखोरी नहीं करेगा निश्चित रूप से ऐसे भ्रष्टाचार में विभाग के अन्य अधिकारी भी सम्मिलित होंगे

# गंगाजल लेने गए दो कांवड़िये गंगा में बहे, एक को सकुशल बचाया

### हरदोई के कुसुमखोर गंगा घाट पर हादसा, लापता युवकों की तलाश में रेस्क्यू अभियान जारी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के कुसुमखोर गंगा घाट पर सोमवार तड़के कांवड़ यात्रा के लिए गंगाजल लेने पहुंचे तीन युवक गंगा के तेज बहाव की चपेट में आ गए। हादसे में एक युवक को स्थानीय गोताखोरों ने सकुशल बचा लिया, जबकि दो युवक नदी में बह गए। दोनों की तलाश के लिए पुलिस और प्रशासन की निगरानी में रेस्क्यू अभियान जारी है। चौंसार गांव निवासी ऋषि पुत्र छदामी, नारद पुत्र गोविंद और शिवम कुशवाहा सोमवार सुबह गंगाजल लेने घाट पर पहुंचे थे। जल भरते समय गहराई का अनुमान न लग पाने से तीनों बहाव में फंस गए। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर गोताखोरों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया और शिवम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि ऋषि और नारद लापता हो गए। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह, उपजिलाधिकारी सवायजपुर अंकित तिवारी तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में दोनों युवकों की तलाश कराई जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पंचदेवरा क्षेत्र में दो युवक पर जानलेवा हमला, देशी ठेका शराब के सेल्समैन से बिक्री की नकदी लूटने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

पंचदेवरा। क्षेत्र के ग्राम हथौड़ा निवासी एक युवक ने गांव के ही चार लोगों पर जानलेवा हमला कर नकदी लूटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अवनीश शुक्ला के अनुसार, 2 अगस्त की रात करीब 10 बजे वह अपने साथी ब्रजेश सिंह के साथ ठेका देशी शराब को बंद कर घर लौट रहा था। आरोप है कि गांव के पास कार सवार सत्यम मिश्रा पुत्र संजय मिश्रा अपने चार साथी लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल रोक ली और लोहे की रॉड व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में ब्रजेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसके पास रखी नकदी भी छीन ली। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा दूर पड़े घायल ब्रजेश सिंह को खेत से उठाकर खाट में लादकर लाया गया और हाकी डंडो के बार से अवनीश शुक्ला मौके पर मूर्छित हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ब्रजेश सिंह को एंबुलेंस से सवायजपुर सीएचसी अस्पताल भिजवाया उसके बाद घायल ब्रजेश सिंह को हरदोई जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जहां पीड़ित अवनीश शुक्ला ने थाना पंचदेवरा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पीड़ित अवनीश शुक्ला का डाक्टरी परीक्षण शाहाबाद सीएचसी अस्पताल में कराया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से मवेशी की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गोदौरा में कल सोमवार देर शाम भारी बारिश के चलते अचानक आकाशीय बिजली गिरी जहां गांव में एक कीमती मवेशी भैंस की मौत हो गई पशुपालक किसान प्रेम उर्फ मुंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी भैंस खेतों के पास बंधी हुई थी जहां अचानक गिरने वाली बिजली ने भैंस को आगोश में ले लिया चपेट में आई भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं सूचना मिलने पर पहुंचे राजस्व लेखपाल राम सिंह ने कहा कि चिकित्सकों द्वारा भैंस का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा वही रिपोर्ट शासन को भेजने के पश्चात यथासंभव नियमानुसार किसान को मुआवजा दिलाने का भी लेखपाल ने आश्वासन दियो

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार में शिव मंदिर पहुंचे लाखों श्रद्धालु

### जयकारों से गूंजे जनपद के शिवालय देवस्थानों में लगे मेले

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर, श्रावण मास के प्रथम सोमवार में पूजा अर्चना हेतु लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों ने जनपद के ऐतिहासिक शिव मंदिरों को गुंजायमान कर दिया जनपद के सदर क्षेत्र में स्थापित श्री तांबेश्वर महादेव मंदिर में कतारबद्ध खड़े होकर प्रातः काल से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना तथा अभिषेक किया वही बहुआ विकासखंड के ब्लॉक मुख्यालय से मात्र एक कोस दूर स्थापित थवई गांव में ऐतिहासिक स्थल थवईश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ जुट गई मंदिर के प्रमुख महंत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ऐतिहासिक स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बिंदु है जहां सैकड़ो वर्ष पहले भूगर्भित शिवलिंग के दर्शन चरवाहों को हुए थे भगवान शिव का यह शिवलिंग दिन में अपनी तीन प्रकृति बदलता है वही प्रतिवर्ष शिवलिंग के आकार बढ़ने की भी जानकारी ग्रामीण एवं मंदिर परिसर के सदस्यों ने दी प्रबंध समिति ने बताया कि वर्ष में दो बार महाशिवरात्रि तथा कार्तिक मास की पूर्णिमा को यहां भव्य मेला आयोजित होता है वहीं भारी संख्या में भक्तगण पहुंचकर दर्शन तथा पूजन कर पुण्य प्राप्त करते हैं ठीक इसी प्रकार जनपद के चांदपुर थाना कस्बे से यमुना क्षेत्र तलहटी पर विराजमान भूगर्भित भगवान शिव श्री गूढेश्वर महादेव अखंड धाम में कल सोमवार को भक्तों का भारी जन सैलाब दिखाई पड़ा मंदिर प्रांगण में लंबी-लंबी महिला तथा पुरुष वर्ग की अलग-अलग कतारों को लगवा कर पुलिस प्रशासन ने बारी बारी से दर्शन कराऐ वहीं प्रांगण अंतर्गत प्रतिवर्ष लगने वाले विशाल मेले का भी भक्तों ने महा आनंद प्राप्त किया मेले में झूले चाट बताशा मिष्ठान तथा खिलौने आदि की खरीदारी भी भक्तों ने जमकर की ठीक इसी प्रकार अमौली कस्बे के बाबा बैजनाथ धाम तथा जहानाबाद के बाबा बैजनाथ धाम (बाणेबाबा) में भी देर शाम भगवान शिव का श्रृंगार करते हुए भक्तों ने महा आरती संपन्न की जहां प्रातः काल से देर रात्रि तक भक्तों का भारी जल सैलाब पहुंचकर बारी-बारी से दर्शन करता रहा सभी ऐतिहासिक स्थलों पर पुलिस प्रशासन ने अपनी मुस्तैदी दिखाते हुए सुरक्षा व्यवस्था में कटिबद्धता दिखाई

# मकान के अंदर महिला ने लगाई फांसी हुई मौत मामला संदिग्ध

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रायपुर भरसौल माजरा मिहुआपुर मे एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण महिला रामादेवी पत्नी धर्मवीर निषाद का विवाह लगभग 8 वर्ष पूर्व बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव में हुई थी पति धर्मवीर दूसरे प्रांत में मेहनत मजदूरी का काम करते हुए अपनी पत्नी समेत दो बेटियों का भरण पोषण करता है कल सुबह सोमवार नींद खुलने के पश्चात अन्य परिजनों ने देखा कि महिला का शव कमरे की छत में लटक रहा है जहां परिजनों में कोहराम मच गया वहीं कुछ ही समय में भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां सूचना मिलने पर पहुंचे किशनपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा महिला के शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि महिला ने आत्महत्या की है या कुछ अन्य कारण है पूरे मामले का स्पष्ट दर्पण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात सामने आएगा रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी वही मामले की छानबीन करते हुए पुलिस प्रशासन ने कुछ ग्रामीण नागरिक तथा परिजनों से पूछताछ प्रारंभ की

# एक सप्ताह बाद पुलिस ने लिखा रेप के आरोपी के खिलाफ मुकदमा

### नाबालिक बेटी के साथ रेप कर आरोपी हुआ फरार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना खजुहा चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की दलित नाबालिक 13 वर्षीय बेटी के साथ युवक ने रेप की घटना को अंजाम देते हुए फरार हो गया एक सप्ताह बीत जाने के बाद ऊहापोह करते हुए आखिर पुलिस प्रशासन को मुकदमा लिखना ही पड़ा मिली जानकारी के अनुसार खजुहा चौकी क्षेत्र के एक गांव में गरीब असहाय दलित परिवार की अकेली नाबालिक 13 वर्षीय बेटी के साथ गांव के ही एक 27 वर्षीय युवक ने रेप की घटना को अंजाम दिया वहीं घटना के पश्चात किशोरी ने अपने परिजनों को घटना की सूचना देने के लिए कहा तो आरोपी ने किशोरी को जान से मार देने की धमकी दी वही आरोपी ने खुले शब्दों में पीड़िता से कहा कि यदि वह परिजनों अथवा पुलिस प्रशासन को सूचना देगी तो उसे तथा उसके परिजनों को जान से हाथ धोना पड़ेगा दलित किशोरी चुपचाप घर वापस आ गई परंतु घर आकर उसने अपने परिजनों को पूरी बात कह सुनाई बीमारी से ग्रसित पीड़ित पिता ने नजदीकी पुलिस चौकी खजुहा में लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई कई दिन तक टालमटोल होने के पश्चात मामला मीडिया तक पहुंचा जहां कल संज्ञान में लेते हुए प्रशासन ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की

# जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने औद्योगिक लॉजिस्टिक योजनांतर्गत की प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं का किया निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद में औद्योगिक लॉजिस्टिक योजनांतर्गत द्वारा प्रस्तावित विभिन्न सड़क परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं के लिए शासन से आवश्यक स्वीकृतियां एवं अनुमतियां शीघ्र प्राप्त कराते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि औद्योगिक लॉजिस्टिक योजनांतर्गत के माध्यम से नधीराझधरतीदाण्ड लिंक मार्ग (बखरिहवा से नधीरा) का निर्माण लगभग 10.00 किलोमीटर लंबाई में 1.60 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से प्रस्तावित है। इसी प्रकार डिबुलगंजझजोगेन्द्र मार्ग लगभग 10.00 किलोमीटर लंबाई में 64.50 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से प्रस्तावित है।

# बीस घंटे से ठप बिजली, बेहंदर क्षेत्र के उपभोक्ता बेहाल

### 33 केवी लाइन में फॉल्ट से आपूर्ति बाधित, ग्रामीणों ने स्थायी समाधान की उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार




बेहंदर, हरदोई। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बेहंदर से जुड़े क्षेत्रों में पिछले करीब 20 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। लंबे समय तक बिजली न मिलने से पेयजल संकट गहरा गया है, वहीं घरेलू कार्य, व्यापार और किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्का सा मौसम खराब होते ही 33 हजार वोल्ट की लाइन में फॉल्ट आ जाता है, जिससे बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग हर बार केवल अस्थायी मरम्मत कर आपूर्ति बहाल कर देता है, लेकिन लाइन की स्थायी खामियों को दूर नहीं किया जाता। यही वजह है कि थोड़े-थोड़े अंतराल पर उपभोक्ताओं को बिजली संकट झेलना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि 33 केवी लाइन का सुदृढ़ीकरण और आवश्यक तकनीकी सुधार कराए जाएं, ताकि बार-बार आने वाले फॉल्ट से छुटकारा मिल सके और क्षेत्र को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके। इस संबंध में अवर अभियंता (जेई) सुमित कुमार पटेल ने बताया कि 33 केवी लाइन में आए फॉल्ट को ठीक करने का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी खराबी दूर होते ही विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। लगातार बिजली संकट से परेशान क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से जल्द स्थायी समाधान कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या से राहत मिल सके।

# विज्ञान सप्ताह के अवसर पर एस.पी.एस.टी.आई ने किया विज्ञान स्टेज शो का सफल आयोजन

अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया (एस.पी.एस.टी.आई) द्वारा गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में एक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक विज्ञान स्टेज शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम में एसपीएसटीआई की जनरल सेक्रेटरी प्रो. केया धर्मवीर ने विद्यार्थियों के समक्ष विज्ञान के अनेक रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रयोगों का प्रदर्शन किया। उन्होंने सरल एवं मनोरंजक ढंग से वैज्ञानिक सिद्धांतों को प्रयोगों के माध्यम से समझाया, जिससे विद्यार्थियों ने विज्ञान को केवल एक विषय नहीं, बल्कि अनुभव के रूप में महसूस किया। विद्यार्थियों ने प्रत्येक प्रयोग में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा वैज्ञानिक तथ्यों को बड़े ध्यान से समझा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ग्रीन फायरक्रैकर का वैज्ञानिक प्रदर्शन रहा, जिसने विद्यार्थियों को सबसे अधिक रोमांचित किया। इस प्रयोग के माध्यम से सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल वैज्ञानिक अवधारणाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने इस प्रयोग में विशेष रुचि दिखाई तथा इसके पीछे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों को जानने के लिए अनेक प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वयं अपने हाथों से विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग करने का अवसर भी प्रदान किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास एवं जिज्ञासा के साथ प्रयोग किए। इस गतिविधि से उनकी वैज्ञानिक सोच, अवलोकन क्षमता तथा प्रयोगात्मक कौशल का विकास हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयोगात्मक एवं गतिविधि-आधारित कार्यक्रम विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नवाचार, अनुसंधान एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा एसपीएसटीआई की जनरल सेक्रेटरी प्रो. केया धर्मवीर को विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के मैनेजर महिपाल शर्मा का कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। साथ ही, विज्ञान गतिविधियों के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमन कुमार एवं लशन चौरसिया को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के राजीव कुमार सहित समस्त अध्यापकगण का सराहनीय सहयोग रहा, जिसके लिए संस्था द्वारा सभी का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। स्कूल के प्राचार्य नारायण शर्मा, राजीव शर्मा ने विशेष तौर पैर टीम का धन्यवाद किया कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विज्ञान स्टेज शो को अत्यंत रोचक, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक बताया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा विज्ञान को व्यवहारिक एवं रोचक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुआ।

# कचीर में घर में घुसा कोबरा सर्प, वन विभाग ने सुरक्षित किया रेस्क्यू

अमन लेखनी समाचार



ककरवई (झांसी)। तहसील गरौठा के ग्राम कचीर में एक मकान में कोबरा सर्प घुस जाने से परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना राजेश अहिरवार के घर की है, जहां अचानक करीब चार फीट लंबा सर्प दिखाई देने पर परिवार के लोग घर से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद सर्प को बाहर निकालने में सफलता नहीं मिली। इसके बाद राजेश अहिरवार ने गरौठा वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी जगदंबा पाठक के निर्देशन में सर्प मित्र मयंक ठाकुर मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर कोबरा सर्प को सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू के दौरान किसी भी व्यक्ति या सर्प को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम ने कोबरा सर्प को उसके प्राकृतिक आवास के अनुरूप सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। सर्प के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली तथा वन विभाग की तत्परता और सर्प मित्र मयंक ठाकुर के साहसिक कार्य की सराहना की। वन विभाग ने लोगों से अपील की कि घर या आसपास सर्प दिखाई देने पर घबराएं नहीं और स्वयं पकड़ने का प्रयास करने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

# गुरसराय में रामदूत सेवा समिति की बैठक, कांवड़ यात्रा की तैयारियां तेज



अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

गुरसराय (झांसी)। श्रावण मास की पावन कांवड़ यात्रा को लेकर गुरसराय में तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रशासन, पुलिस एवं विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठन श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं में जुटे हैं। नगर के प्रमुख मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं विभिन्न स्थानों पर कांवड़ियों के स्वागत के लिए सेवा शिविर लगाए जाएंगे, जहां जलपान, विश्राम, चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहेगी। इसी क्रम में रामदूत सेवा समिति की बैठक बाल विद्या मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवार, 24 अगस्त को एरच से गुरसराय तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। शिवभक्तों में कांवड़ यात्रा को लेकर उत्साह का माहौल है तथा नगर के शिव मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




# पुरानी दोस्ती की यादें ताजा करता अपारशक्ति का नया गाना 'कहां'

मुंबई। अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और वरुण शर्मा नया गाना 'कहां' रिलीज हो चुका है। तीन दोस्तों के बचपन की खूबसूरत यादों की कहानी दिखाई गई है। इस म्यूजिक वीडियो के कुछ हिस्से खुराना के खुद के स्कूल में शूट किए गए हैं। अपारशक्ति, अभिषेक और वरुण दोस्ती को समर्पित गाने 'कहां' में नजर आ रहे हैं। गाने में तीनों दोस्तों की जिंदगी में इस खास रिश्ते की अहमियत को दिखाया गया है। 'कहां' बचपन की दोस्ती की पुरानी यादों को ताजा करता है। गाने में तीन दोस्तों की दोस्ती दिखाई गई है। इसमें वह बचपन में साथ स्कूल में पढ़ते हैं। जहां वह बहुत सारी यादें बनाते हैं। मगर स्कूल के बाद वह सब अपने भविष्य के निर्माण में व्यस्त हो जाते हैं।

## लाइफ Style

# नौहीद

## जानवरों की भलाई के लिए करती हैं काम

अभिनेत्री नौहीद साइरूसी ने हाल ही में अपनी जिंदगी के बुरे दौर के बारे में बात की है। उन्हें दो बार मिसकैरेज हुआ। इस दुखद अनुभव के बाद उन्होंने अपने जीवन के मकसद पर दोबारा सोचने के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि इस मुश्किल सफर के बाद, कपल ने खुद को जानवरों की भलाई के काम में लगाने का फैसला किया।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नौहीद ने हाल ही में अपना एक वीडियो शेयर किया और अपने सफर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'हमारी शादी 2017 में हुई थी और 2018 में मैं पहली बार प्रेग्नेंट हुई। दुर्भाग्य से, तीसरे महीने में मिसकैरेज हो गया। डॉक्टर ने मुझे परिवार को बताने के लिए कहा। हम आखिरी चेकअप के लिए गए और दुर्भाग्य से बच्चे में कोई धड़कन नहीं थी।' उन्होंने आगे कहा, 'कोविड के दौरान, मैं दूसरी बार प्रेग्नेंट हुई। तब भी मिसकैरेज हो गया। तब तक, हमने जीवन में अपने मकसद के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। मैंने यह महसूस किया कि हमारा मकसद सिर्फ बच्चों को इस दुनिया में लाने से कहीं ज्यादा होना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा 'शायद हमारा मकसद उन जानवरों की देखभाल करना है, जिन्हें हमारी जरूरत है। इसलिए हम बिना किसी को बताए जानवरों के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं। एक जरूरी बात जो मैं बताना भूल गई थी, वह यह है कि मैं किसी भी तरह का आईवीएफ नहीं करवाना चाहती थी। क्योंकि, मुझे लगता था कि अगर कोई बच्चा हमारा होना है, तो वह हमारा ही होगा, और मैं उस रास्ते पर नहीं जाना चाहती थी।' नौहीद साइरूसी ने 2003 में फिल्म सुपारी से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।



## हॉलीवुड मसाला




# हिट फिल्मों का तोड़ा रिकॉर्ड...

नई दिल्ली। हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' भारतीय दर्शकों को काफी लुभा रही है। अपनी रिलीज से महज तीन दिनों में ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई कर ली है। इस हॉलीवुड फिल्म की तीन दिनों की कमाई कई बॉलीवुड की सफल फिल्मों की तीन दिनों की कमाई से ज्यादा दर्ज हुई है। टॉम हॉलैंड की 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' ने तीन दिनों में भारत में फिल्म ने 215.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। क्रिस्टोफर नोलान की 'द ओडिसी' से मिल रही टक्कर के बाद भी इसका प्रदर्शन शानदार रहा है।




# विसेंट ने सोप्रनोस में किया था गैंगस्टर का रोल...

लॉस एंजिल्स। चर्चित सीरीज सोप्रनोस में अभिनेता विसेंट पास्टोर ने एक गैंगस्टर का रोल किया था, इस किरदार को निभाकर वह हॉलीवुड दर्शकों के बीच काफी मशहूर हुए। अब यह अभिनेता हमारे बीच नहीं है। 80 साल की उम्र में विसेंट पास्टोर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। वह साल 1980 से फिल्मों में सक्रिय था। 90 के दशक में आकर उन्हें हॉलीवुड में अलग पहचान मिली, उनके अभिनय को सराहा गया। इसमें सबसे बड़ा हाथ सीरीज 'सोप्रनोस' का रहा। इसमें निभाया गैंगस्टर का किरदार उनकी पहचान बन गया। इसमें पहले वह गैंगस्टर होते हैं और बाद में एफबीआई के मुखबिर बन जाते हैं। एक्टर बनने से पहले वह अमेरिकन नेवी में भी थे, उन्होंने वियतनाम युद्ध में भी भाग लिया था।



# किरदारों को चुनने में रहूंगी सतर्क...

मुंबई। चर्चित टीवी शो 'बालिका वधू' में आनंदी के तौर पर लोगों का दिल जीतने से लेकर मुश्किल रियलिटी शो और फिल्मों में काम करने तक, अदाकारा अविका गोर ने दर्शकों का खूब दिल जीता। उनका कहना है कि अब वे अपनी दमदार परफॉर्मेंस के जरिए पहचान पाना चाहती हैं। वे चाहती हैं कि उन्हें शानदार भूमिकाओं के लिए दर्शक याद रखें। यही वजह है कि वे किरदारों का चयन भी काफी सोच-समझकर कर रही हैं। एक बातचीत में अविका ने कहा कि वे सिर्फ ऐसे रोल नहीं करना चाहतीं, जिनमें किसी ऑब्जेक्ट की तरह दिखें। अविका स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में नजर आ रही हैं, जो आज 01 अगस्त से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि वे ऐसी स्क्रिप्ट चुनने को लेकर ज्यादा जागरूक और सतर्क हो गई हैं, जिनमें दमदार परफॉर्मेंस का मौका मिले।



# बेगुनाही साबित करने के लिए किया संघर्ष

मुंबई। सूरज पंचोली ने सोशल मीडिया पर जिया खान सुसाइड मामले से जुड़ा हुआ एक भावुक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने जिया के दर्द और ट्रायल के दौरान अपने संघर्ष के बारे में बात की। अपनी पोस्ट में सूरज ने लिखा, 'जब यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, तब मेरी उम्र मात्र 20 वर्ष थी। मैं उसे केवल चार महीने से जानता था, और मुझे इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि वह अंदर ही अंदर किस पीड़ा से गुजर रही होगी। उस उम्र में, मैं इतना छोटा था कि यह समझ नहीं पाता था कि कोई व्यक्ति इतना बोझ अपने अंदर कैसे दबा सकता है। अपने बुरे वक्त को याद करने हुए आगे सूरज ने अपनी पोस्ट में बताया, 'मैंने अगले 14 साल अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए संघर्ष किया। ये वो साल थे जब मुझे अपना जीवन संवारना चाहिए था।

## टीवी मसाला



# क्रेडिट कार्ड एजेंट गालियां देता था, राजेश ने याद किया संघर्ष

नई दिल्ली। अभिनेता राजेश कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओह माय डॉग' को लेकर इस वक्त चर्चा में हैं। अपने प्रोफेशनल कमबैक के साथ-साथ, कुमार ने अक्सर अपनी जिंदगी के उस मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की है, जब उन्होंने अपने कॅरियर के पीक पर एक्टिंग से दूरी बना ली थी। एक बातचीत में राजेश ने बताया कि जब वे 42 साल के थे, तब उन्होंने एक्टिंग से ब्रेक लेने का फैसला किया। कई लोगों का मानना है कि वह उस वक्त अपने करियर के पीक पर थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने खेती करने का फैसला किया, लेकिन इस फैसले की उन्हें भारी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ी। यह काम सफल नहीं हुआ। 2022 में एक्टिंग में वापसी करने से पहले उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया। पीछे मुड़कर देखने पर, राजेश ने उन पांच वर्षों को जिंदगी बदलने वाला बताया। उन्होंने बताया, 'मैंने ऐसे पल भी देखे हैं जब क्रेडिट कार्ड रिकवरी एजेंट नीचे फोन करके मुझे गालियां देते थे, क्योंकि मेरे पास पैसे नहीं थे। मैंने अपनी कार बेच दी। मेरे पास जो आखिरी गाड़ी थी वह एक इको कार थी, आखिरकार मुझे उसे नासिक में अपने किसानों को देना पड़ा क्योंकि मैं उन्हें पैसे नहीं दे पा रहा था।' इतनी मुश्किलों से गुजरने के बावजूद राजेश ने कहा कि उन्होंने कभी भी खुद को डिप्रेशन का शिकार नहीं होने दिया। इसके बजाय, उन्होंने उस अनुभव से सीखने पर ध्यान दिया। राजेश का मानना है कि जिन चुनौतियों का उन्होंने सामना किया, उनसे वे एक बेहतर परफॉर्मर बने हैं। उनका मानना है कि एक इंसान के तौर पर वे जितना बेहतर बने हैं, उनका काम भी उतना ही बेहतर हुआ है।

## राम कपूर ने लॉकअप 2 में खोला 'मौत' का राज



नई दिल्ली। लॉकअप 2 रियलिटी शो में राम कपूर ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। अभिनेता ने बताया कि डॉक्टर्स ने बताया कि वह बहुत अस्वस्थ हैं और छह महीने में उनकी मौत भी हो सकती है। इस बात को राम कपूर ने अपनी पत्नी गौतमी को भी नहीं बताया था। 'लॉकअप 2' में राम कपूर ने कहा, 'मैंने दुनिया से एक राज छिपाकर रखा था। यहां तक कि मेरी पत्नी को भी इसके बारे में नहीं पता था। एक टीवी शो के दौरान मैं अपनी जिंदगी के सबसे बुरे डिप्रेशन से गुजर रहा था। लेकिन मेरे वजन की वजह से ही मुझे छोटे पर्दे पर बहुत प्यार मिला, मेरी इतनी चर्चा हुई कि कुछ समय के लिए मैं सबसे ज्यादा रेटिंग वाला टीवी स्टार बन गया था।' राम कपूर ने आगे कहा, 'लेकिन मेरे डॉक्टरों ने मुझसे कहा कि मैं अस्वस्थ हो गया हूं। छह महीने में मेरी मौत हो सकती है। मुझे डायबिटिक स्ट्रोक हो सकता था क्योंकि मैं दिन में तीन बार इंसुलिन ले रहा था।

# सलमान ने दोस्ती के लिए एसवीसी 63 की सैलरी से कट किए 50 करोड़ रुपए

मुंबई। सलमान खान इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में शुमार हैं। बीते कुछ साल से वह अमूमन एक फिल्म के लिए कथित तौर पर 120 करोड़ की फीस वसूलते हैं। इसके अलावा फिल्म से होने वाले मुनाफा में हिस्सा अलग। यह वाजिब भी है, क्योंकि 2010 में 'दबंग' से लेकर पिछली रिलीज 'सिकंदर' तक, उनकी लगातार 18 फिल्में 100 करोड़, 200 करोड़ और 300 करोड़ क्लब में हैं। लेकिन, अब खबर है कि भाईजान ने नयनतारा के साथ अपनी अगली एक्शन फिल्म 'एसवीसी 63' के लिए फीस में भारी कटौती कर दी है। बताया जा रहा है कि एक करीबी दोस्त के कारण उन्होंने फिल्म के लिए अपनी फीस 50 करोड़ कम कर दी है। सलमान खान इन दिनों दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही डायरेक्टर वामशी पैढिपल्ली की फिल्म एसवीसी 63 की शूटिंग में बिजी हैं। यह फिल्म अगले साल ईद 2027 के मौके पर रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान इस फिल्म लिए सिर्फ 70 करोड़ फीस ले रहे हैं। एक रिपोर्ट में इस बाबत दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह फैसला सलमान की रफी काजी के साथ दोस्ती की वजह से लिया गया है। रफी ने ही इस प्रोजेक्ट में काम करने के लिए सलमान खान को मनाया था। वह दिल राजू के साथ इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर भी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'सलमान, जिनकी मार्केट वैल्यू पिछले लगभग 20 साल से हर फिल्म के लिए 120 करोड़ रुपए से ज्यादा रही है, उन्होंने 'एसवीसी 63' के मेकर्स को यह डिस्काउंट इसलिए दिया है, क्योंकि उनके पुराने दोस्त रफी काजी इस प्रोजेक्ट में मध्यस्थ हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर्स में रफी का नाम भी शामिल होगा। इसी दोस्ती की वजह से सलमान खान अपनी फीस में बड़ी कटौती करने को तैयार हुए हैं।'



# 'हर दौर एक जैसा नहीं होता, कुछ इंतजार करने के लिए कहते हैं, कुछ हमसे लड़ने को'

नई दिल्ली। सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही मां बनने वाली हैं। एक्ट्रेस अपना प्रेग्नेंसी फेज एन्जॉय कर रही हैं। अब उन्होंने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए लेटेस्ट फोटोशूट की झलकियां दिखाई हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना लेटेस्ट पोस्ट शेयर करके फैंस को सरप्राइज दे दिया। उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं और फैंस उनके बेबी बंप को देख कमेंट कर रहे हैं। दरअसल, हाल ही में सामंथा ने प्रेग्नेंसी में अपना फोटोशूट कराया जिसकी झलकियां उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में एक्ट्रेस येलो कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को इयररिंग्स से कंप्लीट किया और उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो चार-चांद लगा रहा था। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए सामंथा रुथ प्रभु ने गहरी बात की।



उन्होंने लिखा, 'हर दौर एक जैसा नहीं होता। कुछ दौर हमसे इंतजार करने को कहते हैं। कुछ हमसे लड़ने को कहते हैं। कुछ हमसे सब छोड़ देने को कहते हैं। हम दौर चुन नहीं सकते। बस यह चुन सकते हैं कि हम उसे कैसे जीते हैं।' सामंथा रुथ प्रभु की तस्वीरें सामने आते ही फैंस उन पर प्यार लुटाने लगे। लोग उनके बेबी बंप और उनके प्रेग्नेंसी ग्लो की तारीफ कर रहे हैं। 2021 में नागा चैतन्य से अलग होने के बाद सामंथा रुथ प्रभु को फिल्ममेकर राज निदिमोरु में दूसरा प्यार मिला। दोनों ने पिछले साल 1 दिसंबर को ही गुपचुप तरीके से शादी की थी। अब शादी के बाद कपल पहली बार माता-पिता बनने जा रहा है। फिलहाल, एक्ट्रेस अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़े पोस्ट शेयर कर रही हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में सामंथा 'मां इंति बंगारम' में नजर आई थीं।

## लता भी थीं कल्ट गाने देने वाली सिंगर की फैन

# 25 हजार गानों को दी आवाज, चप्पल उतारकर करती हैं रिकॉर्डिंग

*नई दिल्ली। भारत की स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की आवाज के तो करोड़ों लोग दीवाने हैं, उनके दुनिया छोड़ जाने के बावजूद वे अपनी आवाज के जरिए फैंस के दिलों में अमर हैं। लेकिन, ये जानना भी काफी दिलचस्प है कि आखिर लता दीदी को किन सिंगर्स की आवाज पसंद थी। लता मंगेशकर ने कई बार अपने कंटेपरेरी सिंगर्स की तारीफ की है इन्हीं में से एक सिंगर हैं – के. एस. चित्रा, जिनका पूरा नाम है कृष्णन नायर शान्तिकुमारी चित्रा। उन्हें केरल की बुबुल या छोटा बुलबुल भी कहा जाता है। उन्होंने अपने कॅरियर में लगभग 25000 गानों को आवाज दी और 6 नेशनल फिल्म अवॉर्ड अपने नाम किए।*



### भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था और श्रद्धा

के. एस. चित्रा की एक खास बात ये है कि वे अपने प्रोफेशन को काफी आस्था और श्रद्धा के साथ फॉलो करती हैं और इसीलिए जब वे किसी मंच पर परफॉर्म करती हैं या स्टूडियो में रिकॉर्ड करती हैं अपनी चप्पल बेहद सम्मान के साथ बहर उतारकर गाती हैं। भारतीय संस्कृति में संगीत की कला को सरस्वती की देन माना जाता है और इसीलिए कई वरिष्ठ गायक चप्पल उतारकर इसकी साधना करते हैं और इन्हीं सिंगर में से एक हैं- के. एस. चित्रा।

### लता ने की थी चित्रा की तारीफ

दिग्गज गायिका लता मंगेशकर ने के. एस. चित्रा की तारीफ की थी, सिंगर ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि लता दीदी से उनकी पहली मुलाकात चेन्नई में हुई थी। उस मुलाकात के दौरान लता मंगेशकर ने सिंगर से कहा था, 'मैंने तुम्हें गाते हुए सुना है'। चित्रा जी के लिए ये एक बात उनकी जिंदगी का एक यादगार किस्सा बन गई। इतना ही नहीं, चित्रा के स्पेशल म्यूजिक पर भी लता मंगेशकर ने उन्हें फोन कर बधाई दी थी और उनके सिंगिंग टैलेंट की तारीफ की थी।

### कई भाषाओं में दी है सुरीली आवाज

के. एस. चित्रा ने साउथ इंडियन भाषाओं मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और बंगाली समेत कई भाषाओं में अपनी सुरीली आवाज दी है। उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म श्री और पद्म भूषण अवॉर्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है।

### के. एस. चित्रा के पॉपुलर हिंदी सॉन्ग्स

- कहना ही क्या
- रूप सुहाना लगता है
- ये हसीं वादियां
- पिया बसंती
- रात का नशा
- तुम बिन

